आनंद का सच्चा भाव*
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹103903/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹126900/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹138523/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
aNaND Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 7 मई 2026

होटल में फैंस की रहेगी 'नो-एंट्री'

आईपीएल मुकाबले के लिए रायपुर पहुंची मुंबई इंडियंस की टीम अब अगले चार दिन राजधानी में ही रहेगी। इस दौरान 7 मई से लेकर 9 मई तक टीम मैदान में कड़ा अभ्यास करेगी। मिली जानकारी के मुताबिक रायपुर प्रवास के दौरान खिलाड़ियों का सिर्फ होटल से मैदान तक ही आवागमन रहेगा। शहर या किसी पर्यटन स्थल पर घूमने को लेकर टीम का अब तक कोई प्लान नहीं बना है। ऐसे में यह साफ है कि स्टार ▶▶|शेष पेज 7 पर

रायपुर पहुंची मुंबई इंडियंस, नहीं आए हार्दिक, इस बार सूर्यकुमार कर सकते हैं कप्तानी, मेफेयर नया ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहीद वीर नारायण सिंह क्रिकेट स्टेडियम में 10 मई को होने वाले आईपीएल मुकाबले के लिए मुंबई इंडियंस की टीम बुधवार को रायपुर पहुंच गई है। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रोहित शर्मा, टीम के कोच और अन्य खिलाड़ी एयरपोर्ट से बस के जरिए सीधे मेफेयर होटल के लिए रवाना हुए। इस दौरान एयरपोर्ट

पर मुंबई इंडियंस के स्टार खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए फैंस फ्लाइट आने से घंटों पहले ही पहुंच गए थे। शाम 4 बजे जैसे ही टीम की फ्लाइट लैंड हुई, एयरपोर्ट पर फैंस का शोर और उत्साह देखते ही बन रहा था। एयरपोर्ट से बाहर आते समय सबसे पहले रयान रिकेलटन, नमन धीर, सूर्यकुमार यादव और कॉर्बिन बॉश नजर आए। इसके बाद हिटमैन रोहित शर्मा बाहर निकले। फैंस ▶▶|शेष पेज 7 पर

- एयरपोर्ट पर फैंस का छलका उत्साह, होटल मेफेयर में डेरा सुरक्षा के कड़े इंतजाम
- नीता अंबानी, अनुष्का और रितिका के पहुंचने की संभावना स्टेडियम में खास इंतजाम

सेलिब्रिटी के लिए बनाई जा रही अलग व्यवस्था

आईपीएल मैचों का रोमांच देखने के लिए क्रिकेट फैंस के साथ-साथ कई बड़ी हस्तियों के भी स्टेडियम पहुंचने की उम्मीद है। मुंबई इंडियंस के लगभग हर मैच में टीम की मालकिन नीता अंबानी अपनी टीम का उत्साह बढ़ाने पहुंचती हैं, ऐसे में उनके रायपुर आने की भी पूरी संभावना जताई जा रही है। इसे ध्यान में रखते हुए स्टेडियम में उनके लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली की पत्नी व बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा और हिटमैन' रोहित शर्मा की पत्नी रितिका सजदेह के भी मैच देखने रायपुर आने की खबरें चर्चा में हैं। इतना ही नहीं, कोलकाता नाइट राइडर्स के मुकाबले के दौरान भी मुंबई से कई बड़े सेलेब्रिटीज के रायपुर पहुंचने की संभावना है। आयोजकों के मुताबिक, मशहूर हस्तियों और खिलाड़ियों की पत्नियों की सुरक्षा व निजता ▶▶|शेष पेज 7 पर

किसे कहां की जिम्मेदारी

- **ऋचा शर्मा**- अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग; महानिदेशक, ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान तथा विकास आयुक्त
- **मनोज कुमार पिंगुआ**- अपर मुख्य सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
- **सुबोध कुमार सिंह**- प्रमुख सचिव, ऊर्जा विभाग तथा अध्यक्ष, छ.ग. स्टेट पावर कंपनीज (अतिरिक्त प्रभार)
- **निहारिका बारिक**- प्रमुख सचिव, गृह एवं जेल विभाग
- **शहला निगार**- प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा प्रमुख सचिव, समाज कल्याण विभाग (अतिरिक्त प्रभार)
- **रोहित यादव**- सचिव, वित्त विभाग; सचिव, जनसंपर्क विभाग तथा अध्यक्ष, पेंशन निराकरण समिति (अतिरिक्त प्रभार)
- **कमलप्रीत सिंह** - सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग
- **परदेशी सिद्धार्थ कोमल**- सचिव, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग; कृषि उत्पादन आयुक्त (अतिरिक्त प्रभार)
- **रीना बाबा साहेब कंगाले** - सचिव, वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग (अतिरिक्त प्रभार)
- अविनाश चंपावत- सचिव, उच्च शिक्षा विभाग (अतिरिक्त प्रभार)

▶▶|शेष पेज 7 पर

एसीएस ऋचा शर्मा को पंचायत, पिंगुआ को वन एवं निहारिका को गृह की जिम्मेदारी

बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 43 आईएएस के तबादले, बदल गए सात जिलों के कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव स्तर पर बड़े बदलाव किए गए हैं, इनमें ऋचा शर्मा अपर मुख्य सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को अब अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग बनाया गया है। उनके पास विकास आयुक्त और ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत संस्थान के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा। मनोज कुमार पिंगुआ एसीएस, गृह एवं जेल विभाग को अब एसीएस, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुबोध कुमार सिंह को ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव के साथ-साथ छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। निहारिका बारिक प्रमुख सचिव, पंचायत एवं ▶▶|शेष पेज 7 पर

- सुबोध सिंह को छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार

छत्तीसगढ़ शासन ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 43 आईएएस अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं। राज्य शासन द्वारा जारी इस सूची में कई वरिष्ठ अधिकारियों के विभागों में बदलाव के साथ-साथ मैदानी स्तर पर भी बड़ी सर्जरी की गई है। इसमें 7 जिलों के कलेक्टरों को भी बदला गया है।

सुबोध कुमार सिंह | रोहित यादव | परदेशी सिद्धार्थ कोमल | ऋचा शर्मा | मनोज पिंगुआ | निहारिका बारिक

महत्वपूर्ण विभागों में अन्य नियुक्तियां

डॉ. रोहित यादव को सचिव वित्त एवं सचिव जनसंपर्क तथा अध्यक्ष पेंशन निवारण समिति को अतिरिक्त प्रभार। डॉ. कमल प्रीत को सचिव स्कूल शिक्षा विभाग पदस्थ किया गया है। परदेशी सिद्धार्थ कोमल को सचिव कृषि एवं कृषि उत्पादन आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार। रीना बाबा कंगाले सचिव खाद्य विभाग को सचिव वाणिज्यिक कर आबकारी का अतिरिक्त प्रभार। अविनाश चंपावत, सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग के साथ सचिव, उच्च शिक्षा विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मुकेश कुमार बंसल को सचिव लोक निर्माण विभाग, सचिव विमानन, सचिव मुख्यमंत्री एमडी रोड इंफ्रास्टक्चरडेवलपमेंट कार्पोरेशन का अतिरिक्त प्रभार। सुश्री आर संगिता को सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग। को भुवनेश यादव सचिव योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग को सचिव वाणिज्यकर पंजीयन का अतिरिक्त प्रभार। एस भारती दासन को सचिव पर्यटन को सचिव संस्कृति एवं सचिव धार्मिक न्यास का अतिरिक्त प्रभार। शम्मी आबिदी, सचिव, महिला एवं बाल विकास को सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा राहत एवं पुनर्वास की जिम्मेदारी दी गई है। राजेश राणा सचिव ग्रामोद्योग पदस्थ करते हुए संचालक ग्रामोद्योग एवं ▶▶|शेष पेज 7 पर

इन 7 जिलों को मिले नए कलेक्टर

- **कोरिया** कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी की जगह पुष्पा साहू को नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है।
- **बलरामपुर-रामानुजगंज**: रिचा प्रकाश चौधरी की जगह चंदन संजय त्रिपाठी को प्रभार मिला है।
- **सूरजपुर**- एस. जयवर्धन की जगह अब रेना जमील सूरजपुर की नई कलेक्टर होंगी।
- **बीजापुर**- संबित मिश्रा के स्थान पर विश्वदीप को बीजापुर कलेक्टर की जिम्मेदारी दी गई है।
- **सारंगढ़**- बिलाईगढ़-डॉ. संजय कन्नौजे की जगह पद्मिनी भोई साहू को कलेक्टर बनाया गया है।
- **गौरेला-पेंड्रा-मरवाही**-लीना कमलेश मंडावी की जगह डॉ. संतोष कुमार देवांगन नए कलेक्टर होंगे।
- **मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर**- डी. राहुल वेंकट की जगह संतन देवी जांगड़े को कलेक्टर पदस्थ किया गया है।

महिला समूह में बड़े काम की चाह से फुलबासन का अपहरण, 5 गिरफ्तार

पद्मश्री फुलबासन बाई यादव के अपहरण मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों में दो महिला और तीन पुरुष के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। वारदात के बाद पद्मश्री फुलबासन यादव को सुरक्षा प्रदान की गई है। यह भी सामने आया है कि आरोपी फुलबासन से महिला समूह में बड़ा काम करवाना चाहते थे।

मिर्ची स्प्रे सहित वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

हरिभूमि फॉलोअप

महिला सशक्तीकरण और स्वयं सहायता समूह के क्षेत्र में कार्य करने वाली पद्मश्री सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित फुलबासन बाई यादव के निवास सुकुलदैहान में मंगलवार की सुबह लगभग 10:30 बजे बेमेतरा जिले की युवती खुशबू साहू और अन्य के द्वारा एक दिव्यांग महिला के साथ फोटो खिंचवाने के बहाने उनका अपहरण कर लिया गया था। इधर, चिखली पुलिस चौकी के ट्रैफिक चेकिंग पॉइंट पर पुलिस ने अपहरणकर्ताओं को रास्ते में ही पकड़ लिया। इस मामले में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने बताया कि मंगलवार की सुबह 11 बजे गठुला रोड क्षेत्र में वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध स्कॉर्पियो वाहन दिखने पर वाहन की जांच की गई।

आरोपियों ने कबूला जुर्म

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया। पुलिस ने आरोपी खुशबू साहू की निशानदेही पर 1 नग मिर्ची स्प्रे जब्त किया है। वहीं अन्य आरोपी दिनेश बंजारे के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन जब्त किया गया है।

आरोपी रिमांड पर जेल दाखिल

पुलिस ने इस वारदात में शामिल ग्राम भिंभौरी, जिला बेमेतरा निवासी खुशबु साहू, ग्राम नेवनारा बेमेतारा निवासी सलोनी महेश्वरी, ग्राम नयाढाबा बेमेतरा निवासी दिनेश बंजारे, पथरिया जिला दुर्ग निवासी गोपाल खेलवार और ग्राम रताम बेमेतरा निवासी चिनक राम साहू को विधिवत गिरफ्तार किया, जिन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

जांच के दौरान पीछे बैठी एक महिला की स्थिति असामान्य और संदिग्ध प्रतीत हुई। पूछताछ करने पर वाहन में सवार व्यक्तियों द्वारा महिला को मिर्गी का मरीज बताते हुए पुलिस को गुमराह करने का हरसंभव प्रयास किया गया, किन्तु पुलिस टीम की सतर्कता के चलते गंभीरता से पूछताछ की गई। इसी दौरान पुलबासन बाई ने साहस दिखाते हुए पुलिस टीम को सहायता के लिए इशारा किया, जिसके बाद पुलिस टीम द्वारा तत्काल हस्तक्षेप करते हुए सभी व्यक्तियों को वाहन से नीचे उतरवाकर बारीकी से पूछताछ की गई। जांच में महिला की पहचान पद्मश्री फुलबासन बाई यादव के रूप में हुई। जिन्होंने बताया कि आरद्वारा ▶▶|शेष पेज 7 पर

जस्टिस ने वकील को लगाई फटकार सीजेआई के पास पहुंचा बार काउंसिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश द्वारा कथित तौर पर एक युवा वकील को प्रक्रियात्मक चूक के कारण 24 घंटे की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की 'बेहद चिंताजनक' घटना पर बुधवार को प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत से तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध किया। बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता मनन कुमार मिश्रा ने एक औपचारिक अभ्यावेदन में न्यायमूर्ति तरलादा ▶▶|शेष पेज 7 पर



वकील को फटकार लगाते वीडियो

ऑनलाइन प्रसारित एक वीडियो में न्यायमूर्ति राव एक युवा वकील को फटकार लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जो सुनवाई के दौरान एक विशिष्ट आदेश की प्रति पेश नहीं कर सका। पत्र में कहा गया है कि वकील द्वारा बार-बार क्षमा मांगने और दया की गुहार लगाने' और यह कहने के बावजूद की वह शारीरिक पीड़ा से गुजर रहा है।

पत्र में कही यह बात

बीसीआई पत्र में कहा गया, अदालत की गरिमा तब नहीं बढ़ती जब एक वकील को खुली अदालत में दया की भीख मांगने के लिए मजबूर किया जाता है और फिर भी उसे प्रक्रियात्मक चूक के लिए हिरासत में भेज दिया जाता है। इसमें कहा गया है, 'एक युवा वकील... न्यायालय का एक अधिकारी है, जो अब भी सीख रहा है, अब भी विकसित हो रहा है, और बिना अपमान के सुधार का हकदार है।

ताज और ट्राइडेंट होटल को आतंकी हमले की धमकी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

ताज महल पैलेस और ट्राइडेंट होटल को आतंकी हमले की धमकी मिलने से मुंबई में हड़कंप मच गया। धमकी भरे फोन कॉल करने वाले संदिग्ध व्यक्ति को मुंबई पुलिस ने सायन इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई पुलिस के अनुसार, एक अज्ञात व्यक्ति ने ताज महल पैलेस होटल और ट्राइडेंट होटल को फोन कर आतंकी हमले की चेतावनी दी। फोन करने वाले ने दावा किया कि दोनों होटलों को आतंकी हमले का निशाना बनाया जा सकता है।

आरोपी ने नशे में किया था फोन

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बताया जा रहा है कि आरोपी ने शराब के नशे में धमकी भरा फोन कॉल किया था। अब तक हुई जांच में पता चला है कि आरोपी घरेलू समस्याओं से बहुत परेशान चल रहा था। इस कारण उसने शराब के नशे में यह कदम उठाया।

11 प्रतिशत गिरावट के साथ 8,588 रुपए प्रति बैरल

कच्चा तेल हुआ धड़ाम, नहीं बढ़ेंगे पेट्रोल-डीजल के दाम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमेरिका और ईरान के बीच पिछले दो महीने से अधिक समय से चला आ रहा युद्ध अब खत्म होने की ओर है। इस खबर के दम पर आज भारतीय शेयर बाजार से लेकर रुपये में बड़ी तेजी दर्ज की गई है। वहीं दूसरी ओर कच्चा तेल के कीमत में बड़ी गिरावट आ गई है। यह भारत के लिए बड़ी राहत की खबर है। कच्चे तेल की कीमत में उछाल से आशंका जताई जा रही थी ▶▶|शेष पेज 7 पर



अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी गिरावट

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भी तेज गिरावट आई। ब्रेंट तेल के जुलाई अनुबंध की कीमत 11.57 डॉलर या 10.53 प्रतिशत फिसलकर 98.30 डॉलर प्रति बैरल हो गई। वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) 12.39 डॉलर यानी 12.11 प्रतिशत टूटकर 89.88 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

इधर, निवेशक मालामाल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ शांति वार्ता में प्रगति के दावे और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार में तेज उछाल आया। तेजी के इस दौर के बीच निवेशकों की पूंजी 5.99 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। कारोबार के अंतिम घंटे में तेज लिवाली से बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 940.73 अंक यानी 1.22 प्रतिशत उछलकर 77,958.52 अंक पर पहुंच गया।

लॉटरी किंग का 'जैकपॉट': इस चुनाव में छाया सैंटियागो परिवार

अलग-अलग पार्टियों से चुनाव लड़ा और तीनों को मिली जीत

पत्नी-बेटा और दामाद बने विधायक टीवीके चीफ से भी है कनेक्शन

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों के तीन राज्यों की सत्ता बदल गई है लेकिन एक परिवार ऐसा है, जिसे इन चुनावी लिहाज से बड़ा फायदा हुआ है, और वो परिवार विवादित लॉटरी कारोबारी सैंटियागो मार्टिन का है। ये वहीं सैंटियागो मार्टिन हैं, जिनकी कंपनी फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज ने इलेक्टोरल बॉन्ड के तहत डीएमके को 500 करोड़ रुपये से ज्यादा का चुनावी चंदा दिया था। मार्टिन के परिवार के तीन सदस्य ने अलग-अलग पार्टियों से चुनाव लड़ा और दिलचस्प बात यह है कि तीनों को जीत भी मिली।

ये हैं पार्टियां

सैंटियागो मार्टिन की पत्नी लीमा रोज मार्टिन ने एआईडीएमके के टिकट पर लालगुडी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। कुछ इसी तरह उनके दामाद आधव अर्जुन ने एक्टर जोसेफ विजय की नई पार्टी टीवीके के टिकट पर विल्लीवक्कम से चुनाव जीता। इसके अलावा मार्टिन के बेटे जोस चार्ल्स मार्टिन ने अपनी पार्टी (एलजेके) की ओर से पुडुचेरी के कामराज नगर से चुनाव लड़ा। उन्हें भी जीत हासिल हुए। एलजेके एनडीए गठबंधन में शामिल है।

टीवीके सरकार में दामाद बन सकते हैं मंत्री

ध्यान देने वाली बात यह भी है कि सैंटियागो मार्टिन के दामादा आधव अर्जुन टीवीके चीफ जोसेफ विजय के करीबी नेताओं में शामिल हैं। टीवीके राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। अनुमान ये है कि राज्य में टीवीके की सरकार बनने पर आधव अर्जुन को विजय की सरकार में अहम जिम्मेदारी भी मिल सकती है। बता दें, तमिलनाडु विधानसभा में मार्टिन की पत्नी लीमा सबसे धनी उम्मीदवार थीं, जिन्होंने 1,041 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की थी। वहीं बात पुडुचेरी की करें तो वहां जोस चार्ल्स मार्टिन 597 करोड़ रुपये की संपत्ति के अमीर विधायकों की लिस्ट में पहले नंबर पर हैं।

चर्चा में हैं 58 वर्षीय मोताब, कहे जा रहे सबसे 'किस्मत वाले' एमएलए

पहले वोटर लिस्ट से हुए बाहर और अब बन गए विधायक

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजों में जहां बड़े-बड़े दिग्गजों के पैर उखड़ गए, वहीं फरक्का सीट से एक ऐसी जीत निकली है जिसने सबको हैरान कर दिया है। कांग्रेस के 58 वर्षीय मोताब शेख, जिनका नाम एक महीने पहले तक मतदाता सूची में भी नहीं था, अब विधायक बन गए। मोताब शेख की कहानी किसी चमत्कार से कम नहीं है। एसआईआर के दौरान नाम की स्पेलिंग में अंतर के कारण उनका नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया गया था। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख से ठीक एक दिन पहले 5 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया। कोर्ट के आदेश के बाद उन्होंने नामांकन भरा और सोमवार को 8,000 से अधिक वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। उन्हें कुल 63,050 वोट मिले हैं।

बंगाल की फरक्का सीट से दर्ज की है जीत

नाम की स्पेलिंग में अंतर के कारण हटाया गया था वोटर लिस्ट से नाम

'मैं दुनिया का सबसे भाग्यशाली व्यक्ति हूं'

अपनी जीत पर मोताब शेख भावुक हो गए। एक अखबार ने उनके हवाले से लिखा है, 'मैं दुनिया के सबसे भाग्यशाली लोगों में से एक हूं। जब मेरा नाम लिस्ट से कटा तो मैंने सारी उम्मीदें खो दी थीं। मुझे लगा था कि मैं शायद कभी वोट भी नहीं डाल पाऊंगा। लेकिन आज जनता ने मुझे चुनकर विधानसभा भेज दिया है। यह मेरी नहीं, फरक्का की जनता की जीत है।'

सिर्फ 14 दिन का मिला प्रचार का समय

शेख का कहा है कि पहले कांग्रेस ने मुझे नॉमिनेट करने में समय लिया। फिर मुझे पता चला कि मेरा नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया गया है। ऐसे में अदालती कार्यवाही और कानूनी पचड़ों के कारण मोताब को चुनाव प्रचार के लिए केवल 14 दिन मिले।

बंगाल में कांग्रेस की 'लाज' बचाई

2021 के चुनाव में शून्य पर सिमटने वाली कांग्रेस के लिए मोताब शेख और रानीनगर से जुल्फिकार अली की जीत किसी संजीवनी से कम नहीं है।

राज्यों को मिली राहत, 20 मई को सुनवाई का अहम फैसला

खनिज टैक्स लगाने का अधिकार सुनवाई को राजी हुआ सुप्रीम कोर्ट

25 जुलाई 2024 को सुनाया था फैसला, टैक्स लगाने की शक्ति राज्यों के पास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक बड़ा फैसला लिया। अदालत अब 20 मई को खनिज अधिकारों पर टैक्स लगाने से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में उसकी क्यूरेटिव याचिका अभी लंबित है। यह पूरा मामला राज्यों की विधायी शक्ति और टैक्स वसूलने के अधिकार से जुड़ा है। सितंबर 2024 में शीर्ष अदालत ने समीक्षा याचिकाओं को खारिज कर दिया था। इससे पहले 25 जुलाई 2024 को नौ जजों की बेंच ने बड़ा फैसला सुनाया था।

अदालत ने 8:1 के बहुमत से कहा था कि खनिज अधिकारों पर टैक्स लगाने की शक्ति राज्यों के पास है। शीर्ष अदालत ने कहा कि केंद्र के पास संविधान की सूची-1 की प्रविष्टि 54 के तहत यह अधिकार नहीं है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच से सुनवाई टालने का अनुरोध किया। उन्होंने लंबित क्यूरेटिव याचिका का हवाला दिया। कुछ वकीलों ने इसे जुलाई तक टालने की मांग की। हालांकि, राज्यों के वकीलों ने इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि समीक्षा याचिकाएं पहले ही खारिज हो चुकी हैं। कुछ अपीलें तो 1999 और 2011 से लंबित हैं। बेंच ने सभी पक्षों को सुनने के बाद अगली तारीख 20 मई तय की।

> शीर्ष अदालत ने कहा कि केंद्र के पास संविधान की सूची-1 की प्रविष्टि 54 के तहत यह अधिकार नहीं है

केंद्र ने बेंच से सुनवाई टालने का किया अनुरोध

लंबित क्यूरेटिव याचिका का हवाला दिया

कुछ अपीलें तो 1999 और 2011 से लंबित

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को दी थी बड़ी राहत

14 अगस्त 2024 को सुको ने राज्यों को बड़ी राहत दी थी। खनिज संपन्न राज्यों को 1 अप्रैल 2005 से बकाया रॉयल्टी वसूलने की अनुमति मिली। यह बकाया राशि हजारों करोड़ रुपए है। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि यह भुगतान 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगा। कंपनियां और केंद्र इसे 12 साल की किस्तों में चुकाएंगे। राहत की बात यह है कि 25 जुलाई 2024 से पहले के बकाए पर जुर्माना और ब्याज माफ कर दिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले की मुख्य बातें

रॉयल्टी 'टैक्स' नहीं है

▶▶ कोर्ट ने स्पष्ट किया कि माइंस एंड मिनरल्स (डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन) एक्ट, 1957 के तहत केंद्र को दी जाने वाली रॉयल्टी टैक्स की श्रेणी में नहीं आती है। रॉयल्टी सिर्फ खनिजों के इस्तेमाल के लिए दिया जाने वाला अनुबंधात्मक भुगतान है।

पुराना फैसला पलटा

▶▶ कोर्ट ने 1989 के अपने फैसले (इंडिया सीमेंट्स बनाम तमिलनाडु राज्य) को पलट दिया, जिसमें रॉयल्टी को टैक्स माना गया था।

केंद्र का कानून बाधक नहीं

▶▶ कोर्ट ने कहा कि एमएमडीआर एक्ट राज्य सरकारों को टैक्स लगाने से नहीं रोकता है।

इन राज्यों को फायदा

▶▶ झारखंड, ओडिशा, छग, मप्र बंगाल, आंध्र प्रदेश और राजस्थान का लाभ मिलेगा।

तमिलनाडु में सरकार बनाने की कवायद तेज

कांग्रेस के समर्थन से बनेगी टीवीके सरकार इधर, नाराज डीएमके ने इंडिया से तोड़ा नाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व ने तमिलनाडु प्रदेश कांग्रेस कमेटी की मांग पर मुहर लगा दिया। कांग्रेस, टीवीके गठबंधन की सरकार तमिलनाडु में बनेगी। कांग्रेस के टीवीके के साथ जाने के फैसले से नाराज डीएमके ने विपक्षी गठबंधन से खुद को अलग कर लिया। दशकों पुराना डीएमके का साथ कांग्रेस से छूटा तो सुबाई सियासत में कांग्रेस को नया नेवला साथी टीवीके नेता विजय के रूप में मिला। डीएमके नेता एमके स्टालिन नहीं चाहते थे कि कांग्रेस टीवीके को पनपने का मौका दे। उन्हें इस बात का इल्म है कि फिल्मी सुपरस्टार विजय की प्रसिद्धि जिस तरह से उन्हें महज तीन साल में सीएम की कुर्सी तक पहुंचाने में सफलता दिलाई है उसी तरह अगर कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी का साथ टीवीके को मिला तो डीएमके का भविष्य खतरे में पड़ सकता है।

टीवीके प्रमुख ने राज्यपाल से की मुलाकात

टीवीके प्रमुख विजय ने बुधवार को तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मुलाकात कर राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया। विजय ने 113 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा है। समर्थन पत्र में टीवीके 107 और कांग्रेस के 5 विधायकों के हस्ताक्षर हैं। राज्यपाल ने 118 विधायकों का समर्थन मांगा है। टीवीके संस्थापक ने दोपहर 3:15 बजे लोक भवन के निमंत्रण पर राज्यपाल से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ पार्टी के कई नेता मौजूद थे, जिनमें 'बुस्सी' एन आनंद, आधव अर्जुन, के ए सेंगोत्तैयन, सी टी निर्मल कुमार और अन्य शामिल हैं।

टीवीके को बहुमत के लिए 11 विधायकों की जरूरत

विजय लेफ्ट और वीसीके जैसे छोटे दलों के भी संपर्क में हैं। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर एआईएडीएमके से भी समर्थन लिया जा सकता है। हालांकि, एआईएडीएमके में 20 विधायकों में टूट की खबर भी आ रही है। कौन-कौन सी पार्टी उन्हें समर्थन देंगी यह साफ नहीं है। टीवीके ने बुधवार को अपने सभी नवनिर्वाचित विधायकों को महाबलीपुरम के चेंगलपट्टू स्थित फोर पॉइंट्स नाम के रिसॉर्ट में शिफ्ट कर दिया है।

फैसले के पहले कांग्रेस में रस्साकशी

कांग्रेस विधायक दल के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने टीवीके के साथ जाने का फैसला किया। जिस पर शीर्ष नेतृत्व ने दिल्ली में मुहर लगा दिया। इस फैसले के पहले जबरदस्त रस्साकसी कांग्रेस के भीतर मची। एक वर्ग चाहता था डीएमके के साथ रहा जाए जबकि दूसरा धडा, बदलते राजनीतिक परिदृश्य में टीवीके के साथ जाने की पैरवी कर रहा था। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने हरिभूमि को बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पी. चिदंबरम जैसे नेता टीवीके के साथ जाने के फैसले के पक्ष में नहीं थे। उनका मानना था कि जल्दबाजी में निर्णय लेने के बजाए पुराने साथी डीएमके को पहले विश्वास में लेना चाहिए।

जदयू कोटे से ये 12 नेता लेंगे शपथ

नीतीश के बेटे निशांत मंत्री पद लेने को राजी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार मंत्री बनने के लिए राजी हो गए हैं। वे कल गुरुवार को वो पटना स्थित गांधी मैदान में मंत्री पद की शपथ लेंगे। बताया जा रहा है कि देर रात चली जदयू नेताओं की मीटिंग के बाद निशांत मंत्री बनने के लिए माने। बता दें, बिहार की राजनीति में गुरुवार का दिन बेहद अहम होने जा रहा है। राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का बड़ा मंत्रिमंडल विस्तार प्रस्तावित है।

बीजेपी-जेडीयू से 16-16 मंत्री लेंगे शपथ

सूत्रों के मुताबिक, सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड से 16-16 मंत्री शपथ लेने जा रहे हैं। यह विस्तार संतुलन और संगठनात्मक मजबूती को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर मंत्रियों की सूची अभी जारी नहीं की गई है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसे लेकर चर्चाएं तेज हैं।

कई राज्यों में जून तक गर्मी की छुट्टियों का ऐलान

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली,यूपी, बिहार सहित कई राज्यों में भीषण गर्मी के चलते स्कूलों में पूरे जून तक छुट्टी दे दी गई है। शिक्षा निदेशालय ने दिल्ली के स्कूलों में 11 मई से 30 जून 2026 तक गर्मियों की छुट्टियों का ऐलान कर दिया है। स्कूल अब सीधे 1 जुलाई 2026 को खुलेंगे। वहीं उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार 20 मई से 15 जून तक छुट्टियां रहेंगी। प्राइवेट स्कूलों ने भी 15 से 20 मई के बीच छुट्टियां करने का मन बनाया है। हालांकि गर्मी ज्यादा बढ़ने पर जिला अधिकारी समय से पहले भी छुट्टी का आदेश दे सकते हैं।

यूक्रेन, रूस दोनों ने लगाए आरोप

युद्धविराम रहा बेअसर रातभर किए ड्रोन हमले

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस ने यूक्रेन द्वारा घोषित एकतरफा युद्धविराम की अनदेखी करते हुए रातभर दर्जनों ड्रोन हमले किए। यूक्रेनी अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यूक्रेन द्वारा आधी रात से लागू किए गए युद्धविराम के बावजूद हमले जारी रहे। वहीं, रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि यूक्रेन ने स्वयं अपने युद्धविराम का पालन नहीं किया और उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने मंगलवार शाम से बुधवार सुबह तक रूसी क्षेत्रों, अवैध रूप से कब्जाए गए क्रीमिया प्रायद्वीप और काला सागर के ऊपर 53 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए।

27 लोगों की मौत

यूक्रेन के गृह मंत्री इहोर क्लीमेंको के अनुसार, मंगलवार को रूस के ड्रोन और मिसाइल हमलों में 27 लोगों की मौत हुई और 120 अन्य घायल हुए, जिनमें सभी नागरिक थे। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इस युद्ध में अब तक 15,000 से अधिक नागरिकों की मौत हो चुकी है। दोनों पक्ष लंबी दूरी के हमलों को जारी रखे हुए हैं। लगभग 1,250 किलोमीटर लंबी अग्रिम पंक्ति पर रूस की बड़ी सेना यूक्रेन की ड्रोन-आधारित रक्षा के खिलाफ धीमी और महंगी लड़ाई में उलझी हुई है।

बाज नहीं आ रहा पड़ोसी, हमारे देश में खेल रहा डर्टी गेम

सोशल मीडिया में पाक हैंडल्स एक्टिव, फैला रहे फेक न्यूज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में बीजेपी की बंपर जीत के बाद सोशल मीडिया पर फेक न्यूज का सिलसिला तेज हो गया है। खास बात ये है कि इन अफवाहों के पीछे पाकिस्तान से ऑपरेट होने वाले संदिग्ध सोशल मीडिया अकाउंट्स का हाथ सामने आया है। ये अकाउंट्स ना सिर्फ गलत जानकारी फैला रहे हैं, बल्कि देश में माहौल बिगाड़ने की कोशिश भी कर रहे हैं। नोएडा में मजदूरों के प्रोटेस्ट के दौरान भी इसी तरह की फर्जी खबरें वायरल हुई थीं, जिनका अब बड़ा खुलासा हुआ है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लगातार भ्रामक और झूठी जानकारी पोस्ट की जा रही है।

खास बातें

- कई सोशल मीडिया अकाउंट्स की आई जानकारी सामने
- फर्जी खबरों के जरिये देश में माहौल बिगाड़ने की हो रही कोशिश

संदिग्ध एक्स हैंडल

पश्चिम बंगाल चुनाव के बाद इन पोस्ट्स की संख्या अचानक बढ़ गई है। इनमें हिंसा, मौत और सरकारी कार्रवाई को लेकर झूठे दावे किए जा रहे हैं। इसका मकसद लोगों में डर और भ्रम फैलाना है। कोलकाता पुलिस ने ऐसे ही एक संदिग्ध एक्स हैंडल का फैक्ट चेक किया है। यह हैंडल 'आनुषी तिवारी प्राउड इंडियन' नाम से चल रहा है। जांच में सामने आया कि यह कई महीनों से पाकिस्तान से ऑपरेट किया जा रहा है। इस हैंडल को चलाने वाले लोग अपनी असली पहचान छिपाने के लिए वीपीएन का इस्तेमाल कर रहे थे। नोएडा पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि कई संदिग्ध सोशल मीडिया हैंडल्स इस तरह की गतिविधियों में शामिल थे।

लगातार फर्जी पोस्ट और भड़काऊ कंटेंट शेयर

आनुषी तिवारी प्राउड इंडियन' से लगातार फर्जी पोस्ट और भड़काऊ कंटेंट शेयर किया जा रहा था। इनमें एक पोस्ट में दावा किया गया कि चुनावी नतीजों के बाद 19 लोगों की मौत हो गई और 98 लोग घायल हुए। हालांकि, इस दावे की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है और इसे पूरी तरह फर्जी बताया गया है। एक अन्य पोस्ट में यह भी झूठा दावा किया गया कि कोलकाता में हिंसा के बाद भारतीय सेना को तैनात किया गया है। इस खबर ने सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होकर लोगों में दहशत पैदा कर दी। नोएडा में मजदूरों के प्रोटेस्ट के दौरान भी इसी हैंडल से फेक न्यूज फैलायी गई थी। इसके वायरल होने से इलाके में तनाव बढ़ गया था।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

प्रशासकीय विभागों को सौंपी गई जिम्मेदारी

इस नई व्यवस्था को लागू करने के लिए शासन ने संबंधित प्रशासकीय विभागों को जवाबदेह बनाया है। आदेश में कहा गया है कि जिन विभागों के नियंत्रण में ये निगम या मंडल आते हैं, उन्हें स्वयं 'आदर्श भर्ती नियम' तैयार कराने होंगे। यदि निर्धारित समय के भीतर ये नियम तैयार नहीं किए जाते हैं, तो इसकी सीधी जिम्मेदारी संबंधित प्रशासकीय विभाग की होगी। यह भी कहा गया है कि अब इन नियमों की व्याख्या के लिए विभागों को सामान्य प्रशासन विभाग के चक्कर नहीं लगाने होंगे, प्रशासकीय विभाग स्वयं इसके लिए सक्षम होंगे। हालांकि, तैयार नियमों की एक प्रति सामान्य प्रशासन को अनिवार्य रूप से भेजनी होगी।

भर्ती नियमों के बिना नियुक्तियां अब मुमकिन नहीं

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, राज्य सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जिन संस्थानों ने अब तक अपने भर्ती नियम नहीं बनाए हैं, वे किसी भी प्रकार की नई भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं कर सकेंगे। सरकार का मानना है कि पारदर्शी और नियमबद्ध चयन प्रक्रिया के लिए ठोस नियमों का होना अनिवार्य है। आदेश में विशेष रूप से निर्देशित किया गया है कि इन नियमों में आरक्षण संबंधी प्रावधान बिल्कुल वैसे ही रखे जाएं, जैसे कि शासन के अन्य पदों पर प्रभावी हैं।

निगम और मंडलों में नई भर्तियों पर लगी रोक
सरकार ने कहा- पहले बनाएं भर्ती नियम

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के निगमों, मंडलों और स्वायत्तशासी संस्थाओं में होने वाली नियुक्तियों को लेकर एक बड़ा और कड़ा फैसला लिया है। शासन के संज्ञान में यह बात आई है कि कई प्रमुख संस्थानों में बिना किसी औपचारिक 'भर्ती नियम' के ही अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्तियां की जा रही हैं। इस अनियमितता को रोकने के लिए ▶▶| शेष पेज 7 पर

सिविल सेवा नियमों का कड़ाई से पालन

भर्ती नियमों के अलावा, सरकार ने यह भी साफ कर दिया है कि इन निगमों और मंडलों में कार्यरत कर्मचारियों पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 और (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 प्रभावी रूप से लागू होंगे।

किन संस्थानों पर लागू होंगे ये आदेश

यह आदेश उन सभी 'स्थापनों' पर लागू होगा जहां राज्य सरकार की अंशपूंजी कम से कम 51 प्रतिशत है। इसमें शामिल हैं, राज्य के अधिनियमों के अधीन गठित स्थानीय या कानूनी प्राधिकरण। विश्वविद्यालय, ▶▶| शेष पेज 7 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1163 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

शशि सीबीएफसी के नए अध्यक्ष नियुक्त

नई दिल्ली। प्रसार भारती के पूर्व सीईओ शशि शेखर वेम्पति को बुधवार को सरकार ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया। वेम्पति, प्रसून जोशी का स्थान लेंगे, जिन्हें हाल ही में प्रसार भारती का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आईआईटी मुंबई के पूर्व छात्र, वेम्पति एक लेखक होने के साथ एआई4इंडिया संगठन के सह-संस्थापक भी हैं।

बस की एसयूवी से टक्कर, चार की गई जान

मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में राज्य परिवहन निगम की एक बस के एक एसयूवी को टक्कर मारने के बाद एसयूवी सवार चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बस और एसयूवी की टक्कर मुरबाड तालुका के टोकावडे में हुई। एसयूवी सवार आठ लोगों में दो नाबालिग भी थे।

अवैध रिफिलिंग रैकेट का भंडाफोड़, 96 सिलेंडर जब्त

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने नांगलोई में अवैध एलपीजी रिफिलिंग और जमाखोरी रैकेट का भंडाफोड़ किया है और 96 घरेलू गैस सिलेंडर, वाहन और उपकरण जब्त किए हैं। अपराध शाखा की एक टीम ने बाहरी दिल्ली के बक्करवाला रोड पर छापेमारी के दौरान तीन लोगों को पकड़ा।

आंधी के बाद शेड गिरने से चार किसानों की मौत

करीमनगर। तेलंगाना के मंचरियाल जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में टिन की छत वाले 'शेड' एवं जर्जर ढांचों के गिरने से चार किसानों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। लक्सेट्टीपेट मंडल के दो गांवों में ये घटनाएं हुईं, जब भारी बारिश और तेज हवाओं के बाद इन किसानों ने वहां शरण ले रखी थी। कोथुरु गांव में एक शेड गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। गम्पालापल्ली गांव में एक अन्य घटना में, एक और ढांचा गिरने से दो और लोगों की मौत हो गई।

सीआरपीएफ शिविर पर एक जवान की मौत

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के शोपियां जिले में एक शिविर के अंदर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की मौत हो गई। हैदराबाद निवासी हेड कांस्टेबल सुरिंदर सिंह मंगलवार देर रात शोपियां स्थित जैनापोरा सीआरपीएफ शिविर में बेहोश हो गए। सिंह को जैनापोरा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

उत्तर 24 परगना में फायरिंग, 5 जवान घायल, हिंसा भड़काने वाले 433 गिरफ्तार

चुनाव के बाद सुलगा प. बंगाल, शुभेंदु के पीए की हत्या, अब तक 5 मारे गए

"पश्चिम बंगाल में चुनाव नतीजे आए, भाजपा को जबरदस्त जीत मिली। अभी सरकार का गठन होना बाकी है। नई सरकार की तैयारी चल रही है, लेकिन सूबे की आब-ओ-हवा पूरी तरह बदल चुकी है। बंगाल के अलग-अलग इलाकों से हिंसा और तोड़फोड़ की खबरें हैं। बुधवार की रात उत्तर 24 परगना के मध्यमग्राम में भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। राज्यभर में हुई हिंसा की घटनाओं में अब तक कुल पांच लोगों की मौत हो चुकी है।

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद पुलिस ने हिंसा, आगजनी, तोड़फोड़ और मारपीट से जुड़े करीब 200 मामले दर्ज किए हैं। इसी के साथ पुलिस ने 433 लोगों को गिरफ्तार किया है। बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में बुधवार को अज्ञात हमलावरों ने भाजपा के नेता शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक की गोली मार कर हत्या कर दी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि यह घटना मध्यमग्राम क्षेत्र के दोहरिया में हुई, जहां शुभेंदु अधिकारी के सहायक चंद्रनाथ रथ पर हमला किया गया। सूत्रों के अनुसार, गोलीबारी में रथ को कई गोलियां लगीं और उन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, रथ पर बदमाशों ने करीब से गोलियां चलाई और हमला करने के बाद वे घटनास्थल से फरार हो गए। भाजपा के नव निर्वाचित विधायक तरुणज्योति तिवारी ने कहा, हम शांति का संदेश देते रहे हैं लेकिन तृणमूल कांग्रेस ने बहुत बड़ी गलती की है।

■ बंगाल के शपथग्रहण में शामिल हो सकते हैं पीएम मोदी, शाह

हमला कहां हुआ?

चंद्रनाथ रथ मध्यमग्राम इलाके में एक कार से जा रहे थे। तभी बाइक सवार हमलावरों ने उन्हें घेरकर उन पर अंधाधुंध फायरिंग की। उन्हें सिर, छाती और पेट में गोलियां लगीं। इस हमले में ड्राइवर समेत तीन और लोग जख्मी हुए हैं।

राजनीतिक तनाव

शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या राज्य में भाजपा की बड़ी जीत के महज दो दिन बाद हुई है। भाजपा ने इस हत्या का आरोप तृणमूल कांग्रेस पर लगाया है, जबकि टीएमसी ने इन आरोपों को खारिज करते हुए भाजपा पर ही अशांति फैलाने का आरोप लगाया है।

हमले में रथ के ड्राइवर और 2 लोग भी जख्मी

चंद्रनाथ रथ

बढ़ाई सुरक्षा व्यवस्था

घटना के बाद मध्यमग्राम, बारासात और एयरपोर्ट के आसपास के इलाकों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए हमलावरों की तलाश कर रही है। सीईसी ज्ञानेश कुमार ने हिंसा एवं तोड़फोड़ करने वालों को तुरंत गिरफ्तार करने के आदेश दिए हैं।

हिंसा के करीब 200 केस किए गए दर्ज

पश्चिम बंगाल में चुनाव नतीजों के बाद भड़की हिंसा में और दो लोगों की हत्या कर दी गई। पुलिस ने हिंसा, आगजनी, तोड़फोड़ और मारपीट से जुड़े मामलों में करीब 200 केस दर्ज किए हैं, जबकि 433 लोगों को गिरफ्तार किया है। 1,100 से अधिक लोगों को एहतियातन हिरासत में लिया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने हिंसा भड़काने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

नई सरकार का शपथग्रहण 9 को

पश्चिम बंगाल में भाजपा की पहली सरकार का शपथग्रहण समारोह 9 मई को यहां ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा, जो दशकों तक राजनीतिक हाशिये पर रहने के बाद राज्य में भगवा खेमे के सत्ता में आने का प्रतीक होगा। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, हालांकि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, यह अब भी रहस्य बना हुआ है, लेकिन नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को इस पद के लिए सबसे आगे माना जा रहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य, केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार और पूर्व राज्यसभा सदस्य स्वप्न दासगुप्ता के नाम भी इस दौड़ में शामिल हैं। शपथग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, कई केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा तथा राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के शामिल होने की उम्मीद है। ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि केंद्रीय आलाकमान सरकार का नेतृत्व करने के लिए बंगाल की भाषाई और सांस्कृतिक परंपराओं से गहराई से जुड़े एक 'भूमिपुत्र' चेहरे को लाना चाहता है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने बुधवार को घोषणा की, 'नयी भाजपा सरकार 9 मई को सुबह 10 बजे ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शपथ लेगी।

नहर में नहाने गए तीन बच्चे बहे एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य शाखा नहर में बुधवार सुबह नहाने गए तीन बच्चे पानी की तेज धार में बह गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को बाहर निकाला गया, लेकिन अस्पताल पहुंचते-पहुंचते एक बच्चे की मौत हो गई। अन्य दो बच्चे सुरक्षित बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही भाटापारा शहर पुलिस मौके पर और अस्पताल पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा तैयार किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। एसडीओपी तारेश साहू से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान ब्लेशन डिंगल उर्फ रिहान पिता संतोष डिंगल, उम्र 13 वर्ष के रूप में हुई है। वह मूल रूप से ▶▶| शेष पेज 7 पर

■ ओडिशा से छुट्टी मनाने आए 13 वर्षीय बालक की मौत

सुबह 9:30 बजे हुआ हादसा

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आज सुबह करीब 9:30 बजे ब्लेशन अपने दो अन्य साथियों के साथ मुख्य शाखा नहर में नहाने के लिए उतरा था। इसी दौरान पानी का बहाव तेज होने के कारण तीनों बच्चे अपना संतुलन खो बैठे और बहने लगे। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए नहर में कूदे। कड़ी मशक्कत के बाद तीनों बच्चों को पानी से बाहर निकाला गया। तीनों को तत्काल सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने ब्लेशन रिहान को मृत घोषित कर दिया। साथ गए अन्य दो बच्चे सुरक्षित हैं और उनका उपचार जारी है।

समझौते की 14 शर्तें तैयार, 48 घंटे अहम

ट्रंप फिर बोले- होर्मुज न खोला गया तो ईरान पर होगी बमबारी



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य न खोलने की स्थिति में ईरान पर और ज्यादा बमबारी करने की बुधवार को चेतावनी दी। इस बीच, युद्ध खत्म करने के लिए दोनों पक्षों के समझौते के करीब पहुंचने की खबर भी सामने आई है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान के साथ युद्ध जल्द ही खत्म हो सकता है और तेल व प्राकृतिक गैस की आपूर्ति दोबारा शुरू हो सकती है। हालांकि उन्होंने कहा कि यह सबकुछ इस बात पर निर्भर करता है कि ईरान एक प्रस्तावित समझौते को स्वीकार कर ले। ट्रंप ने समझौते के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। ट्रंप ने कहा, अगर वह सहमति नहीं जताता है, तो बमबारी शुरू होगी। अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से जारी तनाव अब खत्म होने की ओर बढ़ सकता है। दोनों देश खाड़ी क्षेत्र में चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक पन्ने के 14-सूत्रीय समझौते के बेहद करीब पहुंच चुके हैं।

शांति समझौते की 14 संभावित शर्तें

- ईरान अपने उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम भंडार को देश के बाहर स्थानांतरित करेगा।
- होर्मुज में सभी व्यापारिक और तेल जहाजों की आवाजाही को सामान्य स्थिति में बहाल किया जाएगा।
- अगले 30 दिनों के लिए आगे की बातचीत का एक तय और औपचारिक समय निर्धारित किया जाएगा।
- तुरंत प्रभाव से युद्ध विराम (सीजफायर) की घोषणा की जाएगी, जिससे सभी सैन्य गतिविधियां रोक दी जाएंगी।
- ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को एक निर्धारित अवधि के लिए अस्थायी रूप से रोकने पर सहमत होगा।
- ईरान यह सुनिश्चित करेगा कि वह किसी भी परिस्थिति में परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा।

ईरान के विदेशों में फंसे हुए अरबों डॉलर के फंड को ▶▶| शेष पेज 7 पर

चीन ने संघर्ष विराम की अपील की

इससे पहले, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात के बाद चीन के ईरान युद्ध में समग्र संघर्ष विराम की अपील की। अराघची 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमला किए जाने के बाद से पहली बार चीन की यात्रा पर है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बुधवार को कहा कि उनका देश इस संकट के कारण बेहद चिंतित है।

सिलसिलेवार दो विस्फोट से दहला पंजाब

जालंधर में विस्फोट के बाद सेना छावनी के पास धमाका

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब में सुरक्षा प्रतिष्ठानों के पास मंगलवार रात सिलसिलेवार हुए दो विस्फोट ने पूरे राज्य को दहला दिया और विपक्षी दलों ने इसकी निंदा करते हुए इसे राज्य को 'अस्थिर' करने का प्रयास करार दिया। पुलिस ने बताया कि पहला विस्फोट जालंधर में रात करीब आठ बजे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ▶▶| शेष पेज 7 पर

■ दूसरा विस्फोट अमृतसर के खासा में सैन्य छावनी के पास

सीएम मान ने भाजपा पर लगाए आरोप

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अमृतसर और जालंधर में हुए दो विस्फोटों को मामूली करार देते हुए बुधवार को भाजपा पर लोगों में डर का माहौल बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह विपक्षी पार्टी की राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों की 'तैयारी' का हिस्सा है।

मान सबूत दें या फिर इस्तीफा : भाजपा

भाजपा की पंजाब इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने कहा कि जालंधर और अमृतसर में हुए दो धमाके गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए बयान की कड़ी आलोचना की। उन्होंने इसे लापरवाह और गैरजिम्मेदार करार दिया। डीजीपी विस्फोटों के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की संलिप्तता की ओर इशारा कर रहे थे, लेकिन मुख्यमंत्री जिम्मेदारी से बचने के लिए भाजपा पर दोष मढ़ रहे हैं।

प्रत्येक उम्मीदवार से 25 लाख लेकर परीक्षा पास कराया

सीजीपीएससी घोटाले में आरोपी की अग्रिम जमानत खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ पीएससी 2022 के प्रत्येक उम्मीदवार से 25 लाख लेकर परीक्षा पास कराने वाले एक आरोपी की अग्रिम जमानत हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। सीबीआई जांच में सामने आया है कि, रायपुर शांति नगर के रहने वाले उत्कर्ष चंद्राकर ने बड़ी रकम लेने के बाद 30-35 उम्मीदवारों को प्री और मेंस के क्वेश्चन पेपर दिए थे। उत्कर्ष पर यह मामला दर्ज होने के बाद से वह फरार है।

क्या है आरोप

आरोप है कि उत्कर्ष चंद्राकर ने चयन के बदले उम्मीदवारों से 50 से 60 लाख रुपए तक की मांग की थी। परीक्षा से पहले उम्मीदवारों को रायपुर के सिद्धि विनायक पैलेस, बारनवापारा रिजॉर्ट और होटल वेंकटेश इंटरनेशनल में ठहराया गया था। प्रारंभिक परीक्षा से एक दिन पहले 12 फरवरी 2022 को उत्कर्ष ने उम्मीदवारों को प्रश्नपत्र और उसके जवाब दे दिए थे।

कैबिनेट ने प्रस्ताव को दी मंजूरी, अपमान पर हो सकती है जेल!

'वंदे मातरम' को मिलेगा राष्ट्रीय गान के बराबर दर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने वंदे मातरम को राष्ट्रगान 'जन गण मन' के समान दर्जा देने का फैसला किया है। बंकिम चंद्र चटर्जी रचित वंदे मातरम पर अब वही नियम और पाबंदियां लागू होंगी, जो वर्तमान में राष्ट्रगान पर लागू हैं। यानी इसके अपमान या गायन में बाधा डालने की स्थिति में सजा होगी। अभी राष्ट्रीय ध्वज, संविधान और राष्ट्रगान के अपमान पर जेल, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। अब वंदे मातरम भी इसमें शामिल किया जाएगा। गौरतलब है कि पश्चिम ▶▶| शेष पेज 7 पर

अपमान करने पर हो सकती है जेल

वर्तमान कानून के तहत जो व्यक्ति राष्ट्रगान के गायन में जानबूझकर बाधा डालता है, उसे तीन साल तक की कैद, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। दोबारा अपराध करने पर कम से कम एक साल की जेल का प्रावधान है। अब राष्ट्रीय गीत को भी इसी कानूनी दायरे में शामिल किया जा रहा है, ताकि इसकी गरिमा सुरक्षित रहे। इससे पहले 2005 में कानून में संशोधन कर तिरंगे के अपमानजनक इस्तेमाल पर रोक लगाई गई थी।

सरकार ने जारी की गाइडलाइन

केंद्र सरकार ने बुधवार को भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन के लिए आधिकारिक प्रोटोकॉल के लिए गाइडलाइन जारी की। गाइड लाइन के अनुसार, वंदे मातरम का संपूर्ण आधिकारिक वर्जन, जिसमें छह श्लोक हैं और जिसकी अवधि लगभग 3 मिनट और 10 सेकंड है, प्रमुख राजकीय समारोहों के दौरान प्रस्तुत या बजाया जाना चाहिए।

पहले राष्ट्रगीत, उसके बाद राष्ट्रगान

अगर किसी कार्यक्रम में 'वंदे मातरम' और 'राष्ट्रगान' दोनों होने हैं, तो पहले 'वंदे मातरम' (राष्ट्रगीत) गाया जाएगा और उसके बाद 'राष्ट्रगान'। दिशा-निर्देशों में आगे यह भी स्पष्ट किया गया है कि दर्शकों से अपेक्षा की जाती है कि वे सम्मान के प्रतीक के रूप में दोनों प्रदर्शनों के दौरान सावधान मुद्रा में खड़े रहें।

सिनेमा हॉल और फिल्म स्क्रीनिंग के लिए छूट

मंत्रालय ने सिनेमा हॉल और फिल्म स्क्रीनिंग के लिए विशिष्ट छूट प्रदान की है। निर्देश के अनुसार, फिल्म के साउंडट्रैक के हिस्से के रूप में वंदे मातरम बजाए जाने पर दर्शकों को खड़े होने की जरूरत नहीं होगी।

तूफान में उड़ी व्यवस्था, 25 घंटे में शहर के कई इलाकों में बिजली चालू नहीं करा सके अफसर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलासपुर

अलग खबर

मंगलवार की शाम आए तूफान में उड़ी शहरी और ग्रामीण इलाकों की बिजली व्यवस्था बुधवार रात तक सुधर नहीं सकी। बिजली विभाग के अफसर शहर के कई इलाकों में 25 घंटे बाद भी बिजली चालू नहीं करा सके, हजारों घरों में रहने वाले लोग पसीना बहाते रहे। बिजली नहीं होने से शहरी और ग्रामीण इलाकों में पानी के लिए भी हाहाकार मचा रहा।

5 मई को शाम 6 बजे अचानक आए तूफान ने विद्युत वितरण विभाग के मेंटेंनेंस की पोल खोलकर रख दी। तूफान में सड़कों के किनारे सैकड़ों पेड़ टूटकर गिर गए, इससे बिजली के तार टूट गए, कई स्थानों पर खंभे भी टूट गए। शहर के मुख्य क्षेत्र सरकंडा, सरजू बगीचा, गोड़पारा, गोल बाजार, सदरबाजार, चांटापारा, राजेन्द्र नगर, सत्यम चौक, लिंक रोड, अग्रसेन चौक, तालापारा, मगरपारा, जरहाभाठा, मसानगंज, तेलीपारा सहित तोरवा के साथ रेलवे क्षेत्रों की कालोनी में पेड़ गिरने के कारण बिजली तार टूटने से बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ गई। कुछ देर बाद जोन के जूनियर इंजीनियर और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की टीम ने शहर और ग्रामीण एरिया में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करना शुरु किया। रात 2 बजे तेलीपारा, बस स्टैंड, विद्या नगर, विनोबा नगर, करबला, जूना बिलासपुर, गोलबाजार, खपरगंज, गोड़पारा, वीआईपी क्षेत्र राजेन्द्र नगर, बिलासा गर्ल्स कॉलेज, सत्यम चौक सहित आसपास के क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था दुरुस्त कर लाइन शुरु करने से लोगों को थोड़ी राहत मिली, लेकिन शहर के 27 खोली, मसानगंज, सकरी क्षेत्र की दर्जनों कालोनियों में बुधवार की रात तक बिजली चालू नहीं हो सकी थी।

बुधवार की रात तक हजारों घरों में छाया रहा अंधेरा

ग्रामीण एरिया में टूटे पोल

मंगलवार को आई तेज हवाओं के कारण बिजली की व्यवस्था सबसे अधिक ग्रामीण एरिया में प्रभावित हुई। शाम 6 बजे से सीपत, सकरी, उसलापुर, कोटा, तखतपुर, गनियारी, बिल्हा, इंडस्ट्रीयल एरिया तिफरा, यदुनंदन नगर के क्षेत्र और कानन पेंडारी के आसपास के क्षेत्र, मस्तूरी व अन्य गांव में 25 से अधिक बिजली के तार सहित पोल क्षतिग्रस्त हो गए। बारिश के साथ अंधेरा होने की वजह से बिजली विभाग के अफसर और स्टाफ ने क्षतिग्रस्त हुए खंभों और तार को बदलना जरूरी नहीं समझा। बुधवार को दूसरे दिन सुबह से शाम तक बिजली बंद होने के कारण कालोनी और ग्रामीण एरिया के लोग हलाकान होते रहे।

शहर का रहा बुरा हाल

सरकंडा के अशोक नगर क्षेत्र, मोपका, राजकिशोर नगर, शहर के बीच गोल बाजार, सरजू बगीचा, मसानगंज, सहगल गली, कुदुदण्ड, 27 खोली, मंगला, सिविल लाइन के क्षेत्र, बृहस्पति बाजार, चांटापारा, तालापारा, मगरपारा सहित अन्य स्थानों पर 25 घंटे से अधिक बिजली बंद के कारण लोगों के घर में अंधेरा छाया रहा। बिजली बंद की वजह से लोगों के मोबाइल भी बंद हो गए। वहीं सबसे बड़ी समस्या पानी की भी उठानी पड़ी।

सैकड़ों पेड़ गिरे थे

तूफान के कारण शहर और आसपास के क्षेत्रों में सैकड़ों पेड़ और उसकी डंगाल बिजली के तार पर गिर गई थी। तेज हवा के कारण पोल भी क्षतिग्रस्त हो गए। तत्काल इंजीनियर और स्टाफ को गाड़ी लेकर रवाना होने का आदेश दिया गया। कई स्थानों में काफी दिक्कतें हुई, लेकिन देर रात तक चालू कर दिया गया। वहीं बचे हुए स्थान पर दूसरे दिन शाम तक बिजली व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त कर ली गई है।

-श्रीनिवास राजू
अधीक्षण यंत्री, सिटी सर्किल, विद्युत वितरण केन्द्र मर्यादित

राज्य सरकार ने नियमों में किए कई बड़े बदलाव, पाइप लाइन बिछाने के काम में अब देर नहीं चलेगी

गैस पाइपलाइन प्रोजेक्ट को अफसर देंगे 15 दिनों में परमिशन, नहीं तो माना जाएगा मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार के लिए 'छत्तीसगढ़ शहरी गैस वितरण नीति 2026' लागू कर दी है। इस नीति का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण है, बल्कि घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ताओं को सस्ती और निरंतर ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करना भी है। भारत सरकार के 2030 तक प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी को 6.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार ने इस दिशा में अपने कदम बढ़ा दिए हैं। अक्सर सड़क खुदाई की अनुमति में होने वाली देरी से गैस पाइपलाइन परियोजनाएं प्रभावित होती थीं। सरकार ने इस समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए सख्त समय-सीमा तय की है। नीति में साप किया गया है कि सार्वजनिक या आवासीय क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने के आवेदन पर संबंधित अधिकारी को 15 कार्य दिवसों के भीतर निर्णय लेना होगा।

छत्तीसगढ़ में घर-घर तक पाइप लाइन के माध्यम से रसोई गैस पंहुचाने के प्रोजेक्ट के सुचारू संचालन के लिए राज्य सरकार ने नियमों में बड़ा बदलाव कर दिया है। अब सार्वजनिक या आवासीय क्षेत्रों में पाइप लाइन बिछाने के आवेदन पर संबंधित अधिकारी को 15 कार्य दिवस के भीतर निर्णय लेना होगा। यदि अधिकारी निर्धारित समय में जवाब नहीं देता, तो अनुमति को 'मंजूर' मान लिया जाएगा।

सुरक्षा के कड़े मानक तय

गैस पाइप लाइन की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। गैस रिसाव या क्षति की स्थिति में मरम्मत के लिए जाने वाले वाहनों को परिवहन विभाग 'आपातकालीन वाहन' का दर्जा देगा, ताकि वे बिना देरी घटनास्थल पर पहुँच सकें। जिला अधिकारियों और कंपनियों को हर साल अनिवार्य रूप से आपातकालीन प्रतिक्रिया और आपदा प्रबंधन के तहत मॉक ड्रिल करनी होगी। कंपनियों के लिए थर्ड पार्टी इंश्योरेंस और लोक दायित्व बीमा कराना अनिवार्य होगा।

मंजूरी नहीं दी तो बताना होगा ठोस कारण

सरकार ने ये भी स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी आवेदन को केवल इसलिए खारिज नहीं किया जा सकेगा कि कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं है। यदि आवेदन खारिज होता है, तो अधिकारी को लिखित में ठोस कारण बताने होंगे। इसके साथ ही बिल्डिंग प्लान में अब गैस पॉइंट अनिवार्य किया गया है। सरकार ने इस नीति को भविष्य की शहरी संरचना का हिस्सा बना दिया है।

मास्टर प्लान में सीएनजी स्टेशनों के लिए सीमांकन

यह भी कहा गया है कि शहरों और गांवों के मास्टर प्लान में अब सीएनजी स्टेशनों के लिए जमीन का सीमांकन पहले से ही किया जाएगा। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग अब आवासीय और वाणिज्यिक भवनों के वास्तुशिल्प डिजाइन में गैस पाइपलाइन के बुनियादी ढांचे को अनिवार्य रूप से शामिल करेगा। सरकारी कॉलोनियां: लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि सभी सरकारी आवासों और कार्यालय भवनों में पीएनजी कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जाए।

निगरानी के लिए त्रि-स्तरीय ढांचा

नीति के क्रियान्वयन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया गया है। इसके साथ ही, जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय निगरानी समिति हर महीने बैठक कर प्रगति की समीक्षा करेगी।

पतंजलि स्टोर में दिनदहाड़े उठाईगिरी

अचार खरीदने के बहाने चोरों ने काउंटर से उड़ाए 1.70 लाख

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सेदम/अंबिकापुर

नगर के बीच स्थित पतंजलि स्टोर से दिन दहाड़े पौने दो लाख रूपए की उठाईगीरी का मामला सामने आया है। अपराधी दुकान में अचार खरीदने के लिए आए थे। इस दौरान एक नकाबपोश ने व्यवसायी को सामान निकालने के लिए अपनी बातों में उलझाए रखा जबकि दूसरा काउन्टर खोलकर 1 लाख 70 हजार रुपए उठाकर फरार हो गया। बतौली थाना रोड में संकटमोचन गुप्ता की पतंजलि स्टोर के नाम से दुकान संचालित है। बुधवार को व्यवसायी संकटमोचन गुप्ता भारतीय स्टेट बैंक से सुबह 11.30 से 12 बजे के बीच 1 लाख 70 हजार रुपए निकालकर लाए थे। संचालक ने पौने दो लाख रूपए की गड्डियों को दुकान के काउन्टर में रखा, इसी समय दुकान में दो अन्य युवक मौजूद थे जो सरसों तेल खरीदने के लिए आए थे। ऐसे में दोनों युवक एक बार फिर से दुकान में आए और संचालक संकटमोचन गुप्ता से अचार मांगा। संचालक जैसे ही अचार लेने के लिए गए। उसी दौरान उन लोगों ने गल्ला से रुपए उड़ा लिए।

पेमेंट करने काउंटर खोला तो उड़े होश

अपराधियों ने इतनी सफाई से काउंटर से रूपए पार किए थे कि व्यवसायी को इसकी भनक तक नहीं लग पाई। घटना के लगभग दस मिनट बाद संकटमोचन गुप्ता ने जब पेमेंट करने के लिए काउंटर खोला तो उसके होश उड़ गए। काउंटर में रूपए नहीं थे। ऐसे में उन्होंने अपने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की। एसएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। मामले में अपराध दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश चल रही है।

डॉ.वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुन: लगा दें।

पुलिस ने आधा दर्जन बच्चों का किया रेस्क्यू

मां-बाप ने नाबालिग संतानों को 5-6 हजार रुपए में बेचा?

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

कबीरधाम जिले से मानवता को शर्मसार कर देने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां नाबालिग बच्चों को महज 5 से 6 हजार रुपए में बेचने का खुलासा हुआ है। मामले में चौंकाने वाली बात यह है कि इस कृत्य में बच्चों के माता-पिता शामिल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने 6 बच्चों का रेस्क्यू किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोगों द्वारा नाबालिग बच्चों को बाहर ले जाकर उनसे मजदूरी कराई जा रही है। सूचना मिलते ही कवर्धा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। इस दौरान पुलिस ने कुल 6 नाबालिग बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू किया। बताया जा रहा है कि इन बच्चों से जबरन मजदूरी कराई जा रही थी और उन्हें बेहद कम कीमत पर खरीदा गया था।

शिकायत के बाद कार्रवाई

मामले से जुड़े एक लिखित आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि चेतन यादव और रवि यादव नामक व्यक्तियों द्वारा नाबालिग बैगा बच्चों की खरीद-फरोख्त की गई। आवेदन में यह भी उल्लेख है कि बच्चों को गांव से दूर ले जाकर काम में लगाया गया और उनके बदले माता-पिता को पैसे दिए गए। फिलहाल पुलिस सभी बच्चों को सुरक्षित रखकर उनसे जानकारी ले रही है।

एक साल के बांड पर दिया था: एसपी

कबीरधाम एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि बच्चों को एक साल के बांड पर दिया गया था। सभी को रेस्क्यू कर लिया गया है। जांच जारी है।

-अंजोरा पुलिस चौकी क्षेत्र का मामला

फार्म हाउस में कार्यरत मजदूरों पर मधुमक्खियों का हमला, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

अंजोरा पुलिस चौकी अंतर्गत गनियारी स्थित फार्म हाउस में मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक मूल रूप से ओडिशा के बलांगीर जिला में रहने वाला रमेश भोई 60 वर्ष था। पिछले 12 वर्षों से यहां काम कर रहा था। मंगलवार को अचानक फार्म हाउस में काम करते समय एक पेड़ की डाल पर लगा मधुमक्खियों का छत्ता तेज हवा के कारण टूटकर नीचे गिर गया। मधुमक्खियों ने आसपास काम कर रहे कई मजदूरों पर हमला कर दिया। घटना में रमेश गंभीर रूप से घायल हो गया, अन्य मजदूर किसी तरह जान बचाकर भाग निकले। फार्म हाउस मैनेजर भाविक टांक के मुताबिक रमेश भोई की शारीरिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वे तेजी से चल नहीं पाया।

बचाने का प्रयास किया गया: मैनेजर

मैनेजर ने बताया कि रमेश मधुमक्खियों से बचाने का प्रयास किया गया। उपचार के लिए तुरंत रसमड़ा स्वास्थ्य केंद्र पहले ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान रमेश भोई की मौत हो गई।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. पर्णिता बघेल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ. फिबी मसीह (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
वसुधा केयर हॉस्पिटल (महिला एवं बच्चों का अस्पताल | प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जरी)
सुविधाएं: • 24x7 डिलीवरी • शिशु रोग • दूरबीन द्वारा ऑपरेशन • सोनोग्राफी • बांझपन का इलाज • खून जांच
जीवन विहार कालोनी, सृष्टि प्लाजो के पास, अवंति विहार रोड, तेलीबांधा, रायपुर, मो. 0771-3523209, 7880001064, 7880001062

Sai Care Hospital श्री सांई केयर हॉस्पिटल
प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, दुर्गूकोंदल (भंडारडिगी) को निविदा संबंधित तिथि एवं समय परिवर्तन करने का अधिकार होगा।

निविदा खोलने का स्थान- एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, दुर्गूकोंदल (भंडारडिगी)

प्राचार्य
ए.आ.आ.वि., दुर्गूकोंदल (भंडारडिगी)
जिला - उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

सोने की नीलामी की सूचना
बजाज फाईनान्स लिमिटेड (“BFL”);
पंजीकृत कार्यालय: मुंबई-पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे- 411035

BAJAJ FINANCE

ऋणियों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित ऋणियों ने बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद लोन का भुगतान या आवश्यक मार्जिन जमा नहीं किया है। इस कारण, ऋणियों द्वारा लोन के विरुद्ध सुरक्षा के रूप में गिरवी रखे गए सोने की नीलामी “जैसा है, जहाँ है” के आधार पर निम्नलिखित शर्तों के अनुसार की जाएगी:

1. क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (सोने का विवरण एवं सकल वजन) की सम्पूर्ण जानकारी देखें, 2. बोलीदाताओं के लिए सभी नियम एवं शर्तें निम्न लिंक पर उपलब्ध हैं: http://172.30.1.235:3000/ ?WOUB2QG9WU 3. सभी बोलीदाताओं को नीलामी से पूर्व ₹25,000/- की अग्रिम जमा राशि (EMD) ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है; 4. नीलामी स्थल पर प्रातः 10 बजे वैध पहचान एवं पते के प्रमाण के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है।

नीलामी की तिथि में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जाएगा। बोली प्रस्तुत करना उपरोक्त नियमों एवं शर्तों की स्वीकृति माना जाएगा। अधिक जानकारी के लिए wecare@bajajfinserv.in पर संपर्क करें।

(10-06-26) **अंबिकापुर - अंबेडकर चौक**; PLI4GOL17449671, 17990620. **भिलाई - जी.ई. रोड**; PBX2GOL17797398, 17822177, 18002413. (11-06-26): **भिलाई - कृष्णा थिएटर रोड**; PMM8GOL17399024. **भिलाई - स्मृति नगर**; PLL2GOL18074847, 18326230. (12-06-26) **बिलासपुर - अग्रसेन चौक**; PGJ8GOL17448134, 17573205, 17798549, 17833933, 18322353, 18320670, 18318349. **बिलासपुर - सरकंडा**; P42HGOL17459932, 17639081, 17722048, 17773284, 17910271. (15-06-26) **दुर्ग - स्टेशन रोड**; P08IGOL17408887, 17662499. **कटघोरा - बी.जी.एल.**; P25EGOL17549348, 17963842. (16-06-26) **कोरबा - सी.एस.ई.बी. चौक**; PEQ2GOL17421203, 17857811, 18083926. **कोरबा - कोसाबाड़ी**; PLI5GOL17508770. (17-06-26) **मनेन्द्रगढ़ - बी.जी.एल.**; PV99GOL17531545, 17620486, 17701238, 17702786, 17745087, 17797068, 17832324, 17831979, 17832749, 17829583, 17967985, 17945384, 17968161, 18076516, 18093641. **रायपुर - जी.ई. रोड**; PCZ6GOL18244838. (18-06-26): **रायपुर - पचपेड़ी नाका**; PLI9GOL17501210. **रायपुर - पियांक टॉवर**; PEN5GOL17450791, 17769792, 17963972, 17965610, 18036997. (19-06-26) **रायपुर - तेलीबंधा रोड**; PF45GOL16593935, 17482736, 17726394, 17775272, 17778054. **व्यापार - विहार बिलासपुर**; PLI7GOL17737157.

बजाज फाईनान्स लिमिटेड

शब्द पहेली - 6218



बाएँ से दाएँ
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

ऊपर से नीचे
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

शब्द पहेली- 6217 का हल

■	सो	नि	या	गां	धी	■	म	हा	न	ता
खा	ना	■	प	■	र	क्ष	क	■	म	ल
ना	■	म	न	सि	ज	■	र	ग	■	मे
ब	ला	त	■	■	वा	दा	■	म	ह	ल
दो	■	दा	■	क	ला	■	आ	■	व	■
श	य	न	क	क्ष	■	दि	शा	ही	न	ता
■	म	■	प	■	ह	ल	■	न	■	क
का	ज	ल	■	शा	म	■	■	त	ह	त
म	■	त	य	■	व	फा	दा	र	■	व
चो	र	■	की	म	त	■	म	■	का	र
र	म	जा	न	■	न	य	न	ज	ल	■

सूडोकु नवताल - 6228

★★★✫✩ मध्यम

9		2		4	1	7		
1						6		
5	7	3	2				4	
				9	4	8		
4		7				9		6
		5	8	3				
	3				6	5	9	1
		6						7
		9	1	8		2		4

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6227 का हल

5	4	9	1	8	3	2	6	7
1	2	6	4	9	7	3	5	8
3	8	7	5	2	6	1	4	9
8	7	1	3	4	2	6	9	5
9	5	3	6	1	8	7	2	4
2	6	4	7	5	9	8	1	3
4	3	5	2	7	1	9	8	6
6	9	2	8	3	4	5	7	1
7	1	8	9	6	5	4	3	2

खबर संक्षेप

अहमदाबाद संयंत्र में पूरा हुआ यूएसएफडीए का निरीक्षण

नई दिल्ली। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जायडस बायोलॉजिक्स के अहमदाबाद स्थित इंजेक्टेबल संयंत्र में निरीक्षण पूरा कर सात टिप्पणियां जारी की हैं। बुधवार को शेयर यूएसएफडीए ने अहमदाबाद के चांगोदर स्थित जायडस बायोटेक पार्क में इकाई-9 सुविधा केंद्र में जीएमपी निगरानी निरीक्षण किया।

रुपया 61 पैसे चढ़कर 94.57 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया बुधवार को 61 पैसे चढ़कर 94.57 प्रति डॉलर पर रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ संभावित समझौते के संकेत देने के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमत टूटकर 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचने से रुपया मजबूत हुआ है। रुपये पर पड़ रहे भारी दबाव को देखते हुए आरबीआई मुद्रा को समर्थन देने के लिए सक्रिय रूप से एक 'अप्रत्यक्ष' रणनीति भी अपना रहा है।

ट्राइमैक्स को भारत में मिले पांडा की फ्रेंचाइजी

नई दिल्ली। रेस्तरां संचालक ट्राइमैक्स फूड्स को पांडा रेस्टोरेंट ग्रुप की एक अनुषंगी कंपनी से रेस्तरां ब्रांड 'पांडा एक्सप्रेस' के भारत में 'फ्रेंचाइजी' के अधिकार मिल गए हैं। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि इस साझेदारी के तहत ट्राइमैक्स फूड्स 400 करोड़ रुपये के निवेश के साथ पांडा एक्सप्रेस के संचालन को 100 स्टोर तक विस्तारित करेगा।

किरण मजूमदार-शॉ ने भतीजी क्लेयर को उत्तराधिकारी चुना

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बायोकॉन की संस्थापक एवं कार्यकारी चेयरपर्सन किरण मजूमदार-शॉ ने अपनी भतीजी क्लेयर मजूमदार को उत्तराधिकारी के रूप में चुना और भारत की प्रमुख जैव प्रौद्योगिकी कंपनी के लिए उत्तराधिकार योजना तय की है। मजूमदार-शॉ (73) की कोई संतान नहीं है। शॉ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बायोकॉन में उत्तराधिकार योजना से जुड़ी खबरों की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी भतीजी क्लेयर को उत्तराधिकारी चुना है। स्पष्ट किया कि यह बदलाव जल्द नहीं होने जा रहा है।

■ क्लेयर मजूमदार किरण के भाई रवि मजूमदार की बेटी है

बायोकॉन संस्थापक की अभी पद छोड़ने की योजना नहीं

क्लेयर ने बोस्टन में बिकारा थेरेप्यूटिक्स की स्थापना की थी : *क्लेयर मजूमदार ने 2018 में बोस्टन स्थित बिकारा थेरेप्यूटिक्स की स्थापना की थी जो कैंसर के उपचार पर काम करने वाली एक 'क्लीनिकल-स्टेज' कंपनी है। शॉ इसे 2024 में नैस्डैक में सूचीबद्ध कराया। रवि मजूमदार बायोकॉन में गैर-कार्यकारी निदेशक हैं। क्लेयर रिलाय थेरेप्यूटिक्स और नूरा हेल्थ के बोर्ड में भी शामिल हैं।*

क्लेयर धीरे-धीरे मेरी भूमिका संभालेंगी: *शॉ ने लिखा, '' अभी कुछ समय तक पद छोड़ने की योजना नहीं है। क्लेयर समय के साथ धीरे-धीरे मेरी भूमिका संभालेंगी। क्लेयर मजूमदार (37) बायोकॉन की संस्थापक किरण के भाई रवि मजूमदार की बेटी हैं।*

पति का 2022 में कैंसर से हुआ था निधन

जॉन शॉ का 2022 में कैंसर के कारण निधन हो गया। जॉन बायोकॉन के उपाध्यक्ष एवं गैर-कार्यकारी निदेशक होने के साथ ही कंपनी के विदेशी प्रवर्तक भी थे। क्लेयर को उत्तराधिकारी नामित करते हुए मजूमदार-शॉ ने कहा कि बायोकॉन की एकमात्र प्रवर्तक होने के नाते उन्हें यह सुनिश्चित करना था कि कंपनी सही हाथों में जाए।

चार दशकों बाद बागडोर दूसरी महिला को : *शॉ ने कहा कि क्लेयर ने यह साबित किया है कि वह एक कंपनी चला सकती हैं इसलिए उन्हें उत्तराधिकारी के रूप में चुना गया है। चार दशकों में एक महिला द्वारा खड़ी की गई बायोकॉन की बागडोर अब एक महिला से दूसरी महिला को सौंपे जाने की तैयारी है।*

क्लेयर जीवविज्ञान में पीएचडी है

एमआईटी से जैविक इंजीनियरिंग में स्नातक क्लेयर के पास स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से एमबीए और कैंसर जीवविज्ञान में पीएचडी की डिग्री भी है। उनके माता-पिता अमेरिका में कंप्यूटर विज्ञान के प्रोफेसर भी हैं। उनके भाई एरिक कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में प्रोफेसर एवं कृत्रिम मेधा (एआई) विशेषज्ञ हैं।

एक गैरेज में बायोकॉन की स्थापना की थी

भारतीय जैव-प्रौद्योगिकी उद्योग का चेहरा मानी जाने वाली मजूमदार-शॉ ने 1978 में बेंगलुरु में एक गैरेज से 10,000 रुपये में बायोकॉन की स्थापना की थी और चार दशकों में इसे भारत की सबसे बड़ी जैव-प्रौद्योगिकी कंपनी बना दिया। उन्होंने 1998 में स्कॉटलैंड के जॉन शॉ से विवाह किया था।

अमेरिकी फिच समूह की कंपनी बीएमआई ने जारी की रिपोर्ट

रुपया 2026 के अंत तक करीब 95 प्रति डॉलर के आसपास रहेगा : बीएमआई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय रुपया ईरान संघर्ष के दबाव के बीच 2026 के अंत तक करीब 95 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर के आसपास सीमित दायरे में बना रह सकता है। वर्तमान में रुपया करीब 95.20 प्रति डॉलर पर कारोबार कर रहा है। अमेरिकी फिच समूह की कंपनी बीएमआई ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि मुनाफे की धीमी वापसी (रिपेट्रिएशन) और केंद्रीय बैंक का मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप रुपये में गिरावट की गति को सीमित करेगा।

अमेरिका-ईरान संघर्ष ने उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव डाला है। खासकर भारत जैसे बड़े ऊर्जा आयातक देशों पर। मार्च-अप्रैल 2026 के दौरान रुपया चार प्रतिशत कमजोर हुआ और फिलहाल 95.20 प्रति डॉलर के स्तर पर है। बीएमआई के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत और महंगाई दर 3.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

अमेरिकी-ईरान संघर्ष ने उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव डाला | **भारत जैसे सबसे बड़े ऊर्जा आयातक देश पर इसका ज्याद असर** | **मार्च-अप्रैल 2026 के दौरान रुपया चार प्रतिशत कमजोर हुआ**

भारत का चालू खाता घाटा 0.4 प्रतिशत बढ़ा

बीएमआई का मानना है कि युद्ध के कारण भारत का चालू खाता घाटा 0.4 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी के 1.3 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। यह मुख्य रूप से ऊर्जा आयात पर भारत की निर्भरता को दर्शाता है, जो 2025-26 में कुल आयात का 22 प्रतिशत था। 2026-27 में इसके और बढ़ने के आसार हैं।

वर्ष 2022 में भी रुपए में गिरावट देखी गई थी

इससे पहले जनवरी 2022 से दिसंबर 2022 के दौरान भी ऐसी गिरावट देखी गई थी, जब ब्याज दरों के अंतर अमेरिकी डॉलर के पक्ष में बढ़ गए थे। उस समय आरबीआई ने आक्रामक हस्तक्षेप किया था जिससे विदेशी मुद्रा भंडार में 13 प्रतिशत की कमी आई थी।

आरबीआई रुपए को स्थिर रखने की कोशिश करेगा

बीएमआई ने कहा, '' हमारा मानना है कि आने वाली तिमाहियों में आरबीआई आयात के सात महीनों के बराबर अपने भंडार का उपयोग कर बाजार की भावनाओं से प्रेरित पूंजी बहिर्वाह को संतुलित करेगा और रुपये को स्थिर रखने की कोशिश करेगा।''

गेहूं, चावल गोदामों में बफर मानकों से तीन गुना अधिक

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

■ एफसीआई गोदामों में अप्रैल में बढ़कर 604.02 लाख टन पहुंचा

■ बफर मानक 210.40 लाख टन का लगभग तीन गुना है

सरकार के गेहूं एवं चावल का भंडार भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदामों में एक अप्रैल को बढ़कर 604.02 लाख टन पर पहुंच गया, जो निर्धारित बफर मानक 210.40 लाख टन का लगभग तीन गुना है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

आंकड़ों के मुताबिक, चावल का भंडार 386.10 लाख टन रहा, जो 135.80 लाख टन के बफर मानक से काफी अधिक है। वहीं, गेहूं का भंडार 217.92 लाख टन दर्ज किया गया, जबकि इसका बफर मानक 74.60 लाख टन है। अनाज भंडारण के बफर मानक तिमाही आधार पर संशोधित किए जाते हैं। मौजूदा मानक एक अप्रैल से लागू हैं और अगला संशोधन एक जुलाई को होगा। सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत जरूरतमंदों को अनाजों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ये भंडार बनाए रखती है। इस बीच, 2026 की रबी फसलों की खरीद प्रक्रिया जारी है। देश में 334.17 लाख हेक्टेयर में बोए गए गेहूं में से लगभग 97 प्रतिशत की कटाई हो चुकी है, जबकि दलहनों की कटाई पूरी हो गई है।

रबी सत्र वाले धान की कटाई 59.32 प्रतिशत तक पहुंची है, जो मुख्य रूप से तमिलनाडु, केरल, त्रिपुरा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में केंद्रित है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अधिकतर रबी फसलों के थोक दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे चल रहे हैं।

सोना 2,900 रुपए मजबूत चांदी 3,500 रुपए चढ़ी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमत 2,900 रुपये बढ़कर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वहीं चांदी 3,500 रुपये चढ़कर 2.54 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गई।

पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के साथ तेल की कीमतों में गिरावट आने से कीमती धातुओं की मांग बढ़ी है। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,900 रुपये यानी लगभग दो प्रतिशत बढ़कर 1,55,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) हो गई। यह मंगलवार को 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। कारोबारियों के अनुसार सर्राफा कीमतों में तेजी का कारण अमेरिका और ईरान में महीनों से चले आ रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए समझौते की एक रूपरेखा को अंतिम रूप देने की खबर है। इससे होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते व्यापार के सुचारू प्रवाह की संभावनाएं बढ़ी हैं और ऊर्जा बाजारों से जुड़ी मुद्रास्फीति की चिंताएं कम हुई हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बुधवार को सोने की कीमतों में जोरदार तेजी देखने को मिली। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने से उन प्रमुख वृहद आर्थिक कारकों में अचानक बदलाव आया, जिन्होंने हाल ही में कीमती धातुओं पर दबाव डाला था।''

■ सोना बढ़कर 1.55 लाख रुपए प्रति दस ग्राम

चांदी बढ़कर 2,54,500 रुपए प्रति किलो

चांदी की कीमतों में भी लगातार तीसरे सत्र में तेजी आई। इसकी कीमत 3,500 रुपये यानी 1.4 प्रतिशत बढ़कर 2,54,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। एसोसिएशन के अनुसार, पिछले कारोबारी सत्र में इस धातु की कीमत 2,51,000 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी।

अनिवासी भारतीय निवेश के लिए खाड़ी से भेज रहे पैसा

मुंबई। पश्चिम एशिया संकट के बावजूद खाड़ी देशों से भेजे जाने वाले धन में बढ़ोतरी के बीच प्रवासी भारतीय अब केवल पारिवारिक जरूरतों के लिए ही नहीं, बल्कि निवेश के इरादे से भी पैसे भेज रहे हैं। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इक्विरस वेल्थ की यह सर्वेक्षण रिपोर्ट कहती है कि विदेशी धनप्रेषण का स्वरूप अब 'जरूरत आधारित' की जगह 'रणनीति आधारित' होता जा रहा है, जिससे खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले भारतीयों के लिए भारत प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में उभर रहा है। खाड़ी क्षेत्र के 8,300 से अधिक उत्तरदाताओं पर आधारित इस सर्वेक्षण में पाया गया कि अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) द्वारा भेजी जाने वाली कुल रकम में करीब आधा हिस्सा निवेश और सेवानिवृत्ति योजना से जुड़ा है। इसमें निवेश का हिस्सा 27 प्रतिशत, सेवानिवृत्ति योजना का 22 प्रतिशत और पारिवारिक सहायता का 26 प्रतिशत रहा। निवेश को लेकर विदेश में रहने वाले भारतीयों के नजरिये में भी बदलाव दिख रहा है। लगभग 75 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने खुद को दीर्घकालिक या संतुलित निवेशक बताया, जो वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भविष्य पर केंद्रित रुख को दर्शाता है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

टेलीकॉलर

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job.3rd floor, Radhey Chambers, Pandri. Contact HR : 9109165137, 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

सेल्स मार्केटिंग

आवश्यकता है- श्री नैनी प्रोडक्ट्स CG JOHAR में अकाउंट्स, ड्राइवर, सेल्स/मार्केटिंग और हेल्पर की भर्ती। अनुभव व मेहनती उम्मीदवार चाहिए। स्थान ग्राम कौड़िया तहसील पलारी जिला बलौदा बाजार भाटापारा संपर्क: 9926775705, 9329477504, तुरंत जॉइनिंग। अभी आवेदन करें।(आरो-157)

डिलीवरी बॉय

आवश्यकता है- घर घर बॉटल दूध डिलीवरी हेतु मेहनती लड़के की आवश्यकता है। समय सुबह 6 बजे से सुबह 12 बजे तक स्थान :- अहिवारा, संपर्क:- 84630-84631.(आरो-271)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

शिक्षक

आवश्यकता है- गुरुकुल विद्यालय Sukulpara, Tora Road, Nawagarh Dist. Bemetara (Chhattisgarh) नया शैक्षणिक सत्र 2026-27 (हिंदी माध्यम) रिक्त पदों की जानकारी व्याख्याता - 2 पद (गणित / भौतिक / रसायन),व्याख्याता - 1 पद (भूगोल / इतिहास / राजनीति विज्ञान), शिक्षक -1 पद (गणित / विज्ञान), शिक्षक - 1 पद (अंग्रेजी),सहायक शिक्षक - 1 पद (पर्यावरण),सहायक शिक्षक -1 पद (गणित),सहायक शिक्षक - 1 पद (सामान्य ज्ञान), सहायक शिक्षक - 1 पद (नैतिक शिक्षा), Principal: 9754368580, Email: sahudhrmendra5 @ gmail.com मौखिक साक्षात्कार/ डेमो क्लास 20/05/2026 टाइम सुबह 9.00 से दोपहर 12.00 तक। (आरो नं.-272)

Requirment- THE GURUKUL ENGLISH MEDIUM SCHOOL Sukulpara, Tora Road, Nawagarh Dist. Bemetara(Chhattisgarh) New Academic Session 2026-27,Vacant Posts Teacher - 1post(Mathematics), Teacher - 1 post (Sanskrit), Assistant Teacher - 1 post (English), Assistant Teacher - 1 post (EVS),Assistant Teacher - 1 post (Maths), Assistant Teacher - 1 post (G.K.), Principal: 9754368580, Email: sahudhrmendra5@ gmail.com मौखिक साक्षात्कार/ डेमो क्लास 20/05/2026 टाइम सुबह 9.00 से दोपहर 12.00 तक। (आरो नं.-273)

क्लासीफाईड

सुपरवाइजर

आवश्यकता है- पहाड़ी चौक गुढियारी, रायपुर स्थित गोडाउन में कार्य करने हेतु 12 वीं पास शादीशुदा महिला सुपरवाईजर की आवश्यकता है। वेंतन 15000/- संपर्क- क्लासीक स्पार्कलर्स, जय गोपाल सोसायटी, फाफाडीह चौक, रायपुर, फोन- 0771-4095884. (आरो-156)

घरेलू नौकर

आवश्यकता है- रायपुर (सिविल लाइन्स) स्थित प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12 घंटे कार्य हेतु अनुभवी, ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की तत्काल आवश्यकता है। अनुभव कम से कम 5 वर्ष शिक्षाः न्यूनतम 10वीं पास वेतन 20,000– 25,000 प्रतिमाह (अनुभवानुसार) सुविधाएं रहने की व्यवस्था स्थान सिविल लाइन्स, रायपुर संपर्क:- 9109972720, 9109125252.(आरो-011)

सिक्योरिटी गार्ड

आवश्यकता है- रायपुर स्थित प्रतिष्ठित कार्यालय के लिए 12 घंटे ड्यूटी हेतु अनुभवी, अनुशासित एवं जिम्मेदार सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है। अनुभव न्यूनतम 5 वर्ष शैक्षणिक योग्यता 10वीं/ 12वीं पास वेतन योग्यता एवं अनुभवनुसार आकर्षक वेतन कार्य स्थल सिविल लाइन्स, रायपुर संपर्क:- 9109972720, 9109125252.(आरो-012)

हाउसकीपिंग/ड्रायवर

आवश्यकता है- हाउसकीपिंग- पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने के लिए)। ड्राइवर- केवल रायपुर लोकल के लिए। संपर्क करें:- 6232022676, 7024111802, 6232936927. (आरो-119)

हरिभूमि क्लासीफाईड

दुकान कार्य

आवश्यकता है- कार एक्सेसरीज की दुकान के लिए जरूरतमंद लड़को एवं लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क:- भाव्या ट्रेडर्स, नवभारत प्रेस के सामने, शहीद स्मारक काम्प्लेक्स, रायपुर मो. 8819935000. (आरो-013)

ड्रायवर/हेल्पर

आवश्यकता है- एजेंसी में किराना सामान कि सप्लाई हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है, टाटा एस गाड़ी चला सके, लौडिग अनलौडिग भी कर सके -लोकल रायपुर में- अग्रवाल एंजेंसी पुरानी बस्ती रायपुर 9826416557. (आरो-172)

आवश्यकता है- डाबर की एजेंसी के गोडाउन मे कार्य करने हेतु लङको की एवं टाटा एस के लिए ड्राइवर एवं हेल्पर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर मो. 9827183377. (आरो-60)

पंप कर्मी

आवश्यकता है - मैसर्स शारदाप्रसाद साव पेट्रोल पंप अवन्ति बाई चौक कोहका भिलाई में डीजल/पेट्रोल डालने हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क मो.- 99261-23539, 76928-88808. (आरो नं.-267)

सर्विस

आवश्यकता है- भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन 700 तक गारंटीड कमाई बिना कमीशन और 2000 तक जॉइनिंग बोनस पाएं। कॉल करें - 8929449955.(आरो-63172)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

ठेकेदार

आवश्यकता है- कंपनी में कार्य हेतु पेटी ठेकेदार की आवश्यकता हैं, जो हेल्पर, फिटर, वेल्डर और हैवी लायसेंस ड्रायवर सप्लाई कर सके लोकेशनः- सिलतरा, तिल्दा (रायपुर) एवं बिलासपुर (छत्तीसगढ़) संपर्क: 7999785435, 8319126599. (आरो-171)

सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला , सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, ड्राईवर, सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड , रायपुर संपर्क समय 10:30 - 9:00, 9425522577, 9425522576.(आरो-168)

सेल्स/हेल्पर

आवश्यकता है- फर्नीचर शोरूम हेतु अनुभवी सेल्स एक्जीक्यूटिव एंव हेल्पर की आवश्यकता है। निरंकारी फर्नीचर हाऊस LIC रोड पंडरी रायपुर 9302891837, 9302858504.(आरो-0399)

किराये से चाहिए

चाहिए- छत्तीसगढ़ में मार्केटिंग के। लिए अशोक लेलैंड दोस्त एल एस अच्छी। कंडीशन में किराए पे चाहिए ड्रायवर सहित तुरंत सम्पर्क करें 9300374656. (आरो-0101)

पैकिंग/हेल्पर

आवश्यकता है- चॉकलेट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है। रूम बिजली की सुविधा फ्री। पता- बंजारी मन्दिर के पास रावाभाटा रायपुर 7828735534. (आरो-4022)

क्लासीफाईड

Astrology ज्योतिष

ज्योतिष - छत्तीसगढ़िया ज्योतिष विचार दिखइया बईगा सब्बो समस्या के समाधान काली माई की शक्ति ले पूजा-पाठ लड़ाई- झंझट जुन्ना बीमारी बैरी ले छुटकारा बिहाव मा देरी, लाइका होय मा देरी, पढ़ाई मा मन नई लागय ता एक बेर जरूर मिलव मो.- 8461886239.(आरो-169)

Property प्रापर्टी

प्लाट

अर्जेंट बेचना है- टाटीबंध सरोना रेल्वे स्टेशन के सामने 13,500 स्क्वायर फीट में डायवर्टेड रेजिडेंशियल प्लॉट। संपर्क:- 9584444523, 9165586666. (आरो-009)

प्लॉट बेचना है - केंद्रीय रेल्वे स्टेशन से लगा 8500 स्क्वायर फीट में सेमी-कमर्शियल प्लॉट बिक्री हेतु। जहां पर 1100 एकड़ में विकसित कमर्शियल आ रहा है। संपर्क:- 9584444523, 9165586666. (आरो-008)

कृषि भूमि

बेचना है- कृषि भूमि 5 एकड़ सिंचित 2 बोर पंप सहित, राइस मिल, पोल्ट्री फार्म हेतु अति उत्तम। कृषि भूमि 1.33 एकड़ डामर रोड पर सिंचित 2 बोर पंप सहित औद्योगिक उपयोग हेतु अति उत्तम दोनों अर्जुंदा डंगनिया दुर्ग मार्ग पर। संपर्क- 9752408700. (आरो-270)

मकान

मकान बेचना है- साईंस सेंटर के पीछे L.I.G. H.NO.1364 Sct. 08, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सड्डू में कॉर्नर का मकान 1200 Sqft. बेंचना है। संपर्क करें:- 9300668018, 9770141315. (आरो-167)

Finance फायनेंस

फाइनेंस -महालक्ष्मी फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस , पर्सनल, कृषि महिला समूह , मकान , दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड , पैन कार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज), (30% छूट) संपर्क:- 9039310732 , 8280401638.(आरो-4365)

फाइनेंस - अन्नपूर्णा फाइनेंस मुद्रा योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर -(50,000/- से 25 लाख तक)(1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, , ग्रुपलोन, सिविल ख़राब लोन पाए, संपर्क - 9311830460.(आरो-4364)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

पंजाब किंग्स ने लगाई हार की हैट्रिक, टॉप पर पहुंची सनराइजर्स हैदराबाद

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
हैदराबाद	11	7	4	14
पंजाब	10	6	3	13
बेंगलुरु	9	6	3	12
राजस्थान	10	6	4	12
गुजरात	10	6	4	12
चेन्नई	10	5	5	10
दिल्ली	10	4	6	8
कोलकाता	9	3	5	7
मुंबई	10	3	7	6
लखनऊ	9	2	7	4

ऑरेंज कैप

क्लासेन
494 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप

भुवनेश्वर कुमार
17 विकेट
बेंगलुरु

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

पंजाब किंग्स को कैच टपकाने का खामियाजा भुगतना पड़ा और बुधवार को आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद ने उसे 33 रन से हराकर अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। हेनरिच क्लासेन और ईशान किशन के अर्धशतकों के दम पर सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर 4 विकेट पर 235 रन बनाए।

सपाट विकेट पर सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस ने 4 ओवर में 34 रन देकर 2 विकेट लिए जबकि एशान मलिंगा ने 4 ओवर में 34 रन देकर एक विकेट चटकाया। दोनों ने 21 डॉट गेंदें फेंकी और पंजाब किंग्स 20 ओवर में 7 विकेट पर 202 रन ही बना सके। कूपर कोनोली ने 59 गेंद में नाबाद 107 रन बनाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। पंजाब किंग्स की हैदराबाद में यह लगातार नौवीं हार थी।

सनराइजर्स की सातवीं जीत के साथ 14 अंक

सनराइजर्स के इस सातवीं जीत के साथ 14 अंक हो गए हैं और वह दस टीमों में शीर्ष पर है। बाकी तीन मैचों में से एक जीत के साथ ही उसके 16 अंक हो जाएंगे, जो प्लेआफ के लिए क्वालीफाई करने के लिए काफी है। पंजाब की शुरुआत बेहद खराब रही और चार रन के स्कोर पर उसके दो बल्लेबाज पवेलियन में थे। प्रियांश आर्य को कमिंस ने रवाना किया जबकि प्रभसिमरन सिंह ने नीतिश रेड्डी की गेंद पर कमिंस को कैच थमाया। कप्तान श्रेयस अय्यर भी 5 रन बनाकर आउट हो गए।

आईपीएल में 85 पारियों के बाद सबसे ज्यादा सिक्स जड़ने वाले खिलाड़ी

137 छक्के: अभिषेक शर्मा
134 छक्के: केएल राहुल
128 छक्के: शिवम दुबे
115 छक्के: युवराज सिंह
113 छक्के: ऋषभ पंत

एक ओवर में सबसे ज्यादा बार 20 रन बनाने वाले बल्लेबाज

10	- एमएस धोनी
10	- अभिषेक शर्मा
9	- रोहित शर्मा
8	- ऋषभ पंत
7	- हार्दिक पंड्या
7	- सूर्यकुमार यादव
7	- केएल राहुल

अभिषेक ने तोड़ा गेल का रिकॉर्ड

अभिषेक ने पंजाब के खिलाफ 269.93 की स्ट्राइक रेट के साथ 35 रन बनाए और वो आईपीएल में बतौर ओपनर 200 प्लस की स्ट्राइक रेट के साथ सबसे ज्यादा बार 30 प्लस की पारी खेलने वाले बैटर्स की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए। अभिषेक ने 14वीं बार ये कमाल किया जबकि क्रिस गेल ने ऐसा 13 बार किया था।

स्कोर बोर्ड

सनराइजर्स हैदराबाद	रन	गेंद	4	6
अभिषेक का अय्यर बो फर्ग्युसन	35	13	2	4
हेड का यानसेन बो चहल	38	19	3	3
ईशान का शेडगे बो अर्शदीप	55	32	2	4
क्लासेन का यानसेन बो विशाख	69	43	3	4
नीतिश कुमार रेड्डी नाबाद	29	13	2	2

अतिरिक्त : 9 रन, योग : 20 में 235/4 रन
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-43-1, यानसेन 4-0-61-0, फर्ग्युसन 4-0-41-1, चहल 4-0-32-1, विशाख 4-0-54-1

पंजाब किंग्स पारी	रन	गेंद	4	6
प्रियांश का मलिंगा बो कमिंस	1	3	0	0
प्रभसिमरन का कमिंस बो रेड्डी	3	4	0	0
कूपर कोनोली नाबाद	107	59	7	8
अय्यर का कमिंस बो मलिंगा	5	5	1	0
स्टोइनिस का ईशान बो शिवांग	28	14	3	2
सूर्यांश का अभिषेक बो कमिंस	25	17	1	2
शशांक सिंह का रेड्डी बो हुसैन	4	3	1	0
यानसेन का दुबे बो शिवांग	19	16	0	1
विजय कुमार विशाख नाबाद	1	1	0	0

अतिरिक्त : 9 रन योग : 20 ओवर में 202/7 रन
गेंदबाजी : कमिंस 4-0-34-2, रेड्डी 2-0-11-1, मलिंगा 4-0-36-1, हुसैन 4-0-40-1, शिवांग 4-0-45-2, दुबे 2-0-36-0

खबर संक्षेप

क्वीन सिरिकिट कप में हिस्सा लेंगे 3 भारतीय खिलाड़ी

नई दिल्ली। युवा गोल्फर गुंतास कौर संधू की अगुवाई में भारत की तीन सदस्यीय टीम क्वीन सिरिकिट कप के लिए 12 से 15 मई तक इंडोनेशिया में होने वाली प्रतिष्ठित एशिया-प्रशांत एमेच्योर टीम चैंपियनशिप में भाग लेगी। इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू) ने इस टूर्नामेंट के लिए तीन सदस्यीय टीम की घोषणा की है। इस प्रतियोगिता में मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया सहित कुल 15 देश भाग लेंगे। अन्य देशों में ऑस्ट्रेलिया, चीन, चीनी ताइपे, हांगकांग, भारत, इंडोनेशिया, जापान, मलेशिया, म्यांमा, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। संधू भारतीय टीम की अगुवाई करेगी। टीम की अन्य दो सदस्य हरियाणा की सीरत कांग और दिल्ली की कीया बडुगु हैं। संधू 2025 की लेडीज ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन हैं।

अब हर मुकाबला नॉक आउट जैसा : बदानी

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के कोच हेमांग बदानी ने चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच में मिली 8 विकेट की करारी शिकस्त के बाद कहा कि टीम को मौजूदा स्थिति से उबरने के लिए सामूहिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करना होगा और अब हर मुकाबला लगभग नॉकआउट जैसा हो गया है। बदानी ने कहा, 'अब मामला नॉकआउट जैसा है, चार (मैचों) में चार जीतना होगा। ड्रेसिंग रूम में सभी खिलाड़ी स्थिति से वाकिफ हैं और अब प्रदर्शन कर लक्ष्य हासिल करना ही एकमात्र विकल्प है। सामूहिक तौर बेहतर प्रदर्शन करना होगा।' उन्होंने कहा, 'हम लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। कभी गेंदबाज़ी अच्छी होती है, बल्लेबाज़ी नहीं, कभी इसका उल्टा। इस स्तर पर 60-70 प्रतिशत खिलाड़ियों का योगदान जरूरी है, जो अभी नहीं हो पा रहा।

दतुमकुरु ओपन : वैदेही और जील जीतीं, आकांक्षा बाहर

शतुमकुरु। भारत की महिला एकल खिलाड़ियों के लिए बुधवार को आईटीएफ डब्ल्यू15 तुमकुरु ओपन में दूसरा दिन अच्छा रहा लेकिन आठवीं वरीय आकांक्षा दिलीप निटुरे को निराशानजक हार का सामना करना पड़ा। आकांक्षा को राउंड ऑफ 32 के एकतरफा मैच में एरिना आरिफुलिना ने 6-1, 6-1 से हरा दिया। तीसरी वरीय वैदेही चौधरी ने सोहा सादिक को 6-3, 6-4 से हराया जबकि चौथी वरीय जील देसाई ने दिन का सबसे शानदार प्रदर्शन करते हुए जीतेश कुमारी के खिलाफ 6-0, 6-0 की एकतरफा जीत दर्ज की।
लिथुआनिया की शीर्ष वरीय जस्टिना मिकुलस्काइट और पोलैंड की दूसरी वरीय जुजाना पावलिकोवस्का ने अपने-अपने भारतीय प्रतिद्वंद्वियों को सीधे सेट में हरा दिया। छठी वरीय एकातेरिना याशिना भी आसानी से अगले दौर में पहुंच गईं। उन्होंने बेला तम्हणकर को 6-2, 6-2 से हराया। लक्ष्मीसिरी दंडू ने जबरदस्त वापसी करते हुए हमवतन भारतीय प्रत्युषा रचपुडी को 1-6, 7-5, 6-3 से शिकस्त दी। काशिश भाटिया ने वाइल्ड कार्ड धारक अमोदिनी नाइक को 6-1, 6-1 से आसानी से हरा दिया।

नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में 31 मई को खिताबी मुकाबला

आईपीएल फाइनल बेंगलुरु से अहमदाबाद शिफ्ट, धर्मशाला और चंडीगढ़ में प्लेऑफ मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बेंगलुरु के बजाय अहमदाबाद लगातार दूसरे सत्र में 31 मई को इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल की मेजबानी करेगा, जबकि क्वालीफायर 1 धर्मशाला और दो अन्य प्लेऑफ मैच न्यू चंडीगढ़ में खेले जाएंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह घोषणा की।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मौजूदा चैंपियन होने के कारण परंपरा के अनुसार फाइनल बेंगलुरु में खेला जाना था। पिछले साल के अलावा अहमदाबाद ने इससे पहले 2022 और 2023 में आईपीएल फाइनल की मेजबानी की थी।

कर्नाटक क्रिकेट संघ की मांग प्रोटोकॉल के दायरे से बाहर

बीसीसीआई ने कहा, 'आईपीएल फाइनल की मेजबानी के लिए मूल रूप से बेंगलुरु को चुना गया था। लेकिन स्थानीय संघ और अधिकारियों की कुछ ऐसी मांगों के कारण, जो बीसीसीआई के स्थापित दिशा-निर्देशों और प्रोटोकॉल के दायरे से बाहर थीं, आयोजन स्थल को स्थानांतरित कर दिया गया है।' बोर्ड ने हालांकि कर्नाटक की राजधानी में फाइनल आयोजित करने के लिए की जा रही मांगों का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया है। बोर्ड ने यह भी कहा कि 'संचालन और लॉजिस्टिकल से जुड़े मसलों के कारण इस वर्ष प्लेऑफ चरण के मैच तीन स्थानों पर खेले जाएंगे।'

धर्मशाला में पहली बार प्लेऑफ का मैच

बीसीसीआई ने कहा, 'क्वालीफायर-1 26 मई को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें भाग लेंगी। इस मैच के विजेता को फाइनल में सीधा प्रवेश मिलेगा।।' इसमें कहा गया है, 'इसके बाद मुकाबले न्यू चंडीगढ़ के न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होंगे, जहां तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच 27 मई को एलिमिनेटर मैच खेला जाएगा। इसी स्टेडियम में 29 मई को क्वालीफायर 2 भी खेला जाएगा।' धर्मशाला में पहली बार आईपीएल प्लेऑफ का कोई मैच खेला जाएगा। एलिमिनेटर में जीत दर्ज करने वाली टीम क्वालीफायर दो में क्वालीफायर एक में हारने वाली टीम का सामना करेगी। इस मैच की विजेता टीम फाइनल में पहुंचेगी।

अधिक दर्शकों की क्षमता के कारण अहमदाबाद को प्राथमिकता

बीसीसीआई ने कहा, 'आईपीएल के मौजूदा सत्र का समापन 31 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ग्रैंड फाइनल के साथ होगा, जो दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है।' बीसीसीआई के सूत्रों ने बताया कि अहमदाबाद स्टेडियम को उसकी अधिक दर्शकों की क्षमता के कारण प्राथमिकता दी गई क्योंकि फाइनल के लिए अधिक संख्या में दर्शकों के आने की संभावना है। वहीं चिन्नास्वामी स्टेडियम की क्षमता लगभग 35,000 दर्शकों की है। पिछले साल आरसीबी के विजय समारोह के दौरान हुई भगदड़ में यहां 11 लोगों की जान चली गई थी।

फ्री टिकट पर सहमत नहीं बीसीसीआई

यह भी पता चला है कि चिन्नास्वामी स्टेडियम की अपेक्षाकृत कम क्षमता को देखते हुए बोर्ड कर्नाटक सरकार के उस फैसले से सहमत नहीं है, जिसमें राज्य के विधायकों, एमएलसी और सांसदों के लिए इस सत्र में आईपीएल के तीन-तीन मुफ्त टिकटों का कोटा निर्धारित किया गया है।

प्लेऑफ शेड्यूल

क्वालीफायर 1 : 26 मई
एचपीसीए स्टेडियम, धर्मशाला
एलिमिनेटर: 27 मई
न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़
क्वालीफायर 2: 29 मई
न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़

फाइनल
31 मई – नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद।

आईसीसी टी20 रैंकिंग

अभिषेक और ईशान का दबदबा बरकरार

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने टी20 की ताजा रैंकिंग जारी की है। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारतीय टीम के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा शीर्ष पर बने हुए हैं। बांग्लादेश के खिलाड़ियों को ताजा रैंकिंग में फायदा हुआ है। टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में अभिषेक शर्मा 9 मार्च के बाद से कोई इंटरनेशनल टी20 नहीं खेलने के बावजूद पहले स्थान पर बने हुए हैं। ईशान किशन दूसरे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान तीसरे स्थान पर हैं। इंग्लैंड के फिल साल्ट चौथे, श्रीलंका के पाथुम निसांका पांचवें, भारत के तिलक वर्मा छठे, भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव सातवें, इंग्लैंड के जोस बटलर आठवें, दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस नौवें और जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट दसवें स्थान पर हैं।

फुटबाल टूर्नामेंट

आर्सेनल का 20 साल का सूखा खत्म पहुंचा चैंपियंस लीग के फाइनल में



एजेंसी ▶▶| लंदन

बुकायो साका के पहले हाफ के आखिर में किए गए गोल की मदद से आर्सेनल ने एटलेटिको मैड्रिड को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 1-0 से हराकर 20 साल में पहली बार चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। खेल के 45वें मिनट में लिएंड्रो ट्रोसार्ड के शॉट को जान ओब्लाक ने बचा लिया, जिसके बाद साका ने रिबाउंड पर गोल दागकर आर्सेनल को सेमीफाइनल में कुल मिलाकर 2-1 की बढ़त दिला दी। सेमीफाइनल का पहला चरण 1-1 से बराबर रहा था। बढ़त हासिल करने के बाद आर्सेनल की रक्षापंक्ति ने उसे बरकरार रखने में अहम भूमिका निभाई।

2006 में फाइनल में पहुंचा था आर्सेनल

यूरोप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता में आर्सेनल का यह केवल दूसरा फाइनल होगा। इससे पहले वह 2006 में फाइनल में पहुंचा था लेकिन तब बार्सिलोना से हार गया था। इस बार फाइनल में उसका सामना 30 मई को हंगरी के बुडापेस्ट में मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) या बायर्न म्यूनिख से होगा। पीएसजी ने सेमीफाइनल के पहले चरण में 5-4 से जीत हासिल की थी। आर्सेनल के लिए यह सत्र विशेष हो सकता है क्योंकि वह चैंपियंस लीग का चैंपियन बनने की बेहद करीब है। इसके अलावा वह प्रीमियर लीग में खिताब जीतने की दौड़ में सबसे आगे है।

व्यक्तिगत स्पर्धा में अगले दौर में बनाई जगह

शंघाई विश्व कप : पोडियम पर जगह बनाने में असफल भारतीय कंपाउंड टीम

एजेंसी ▶▶| शंघाई

पदक की प्रबल दावेदार मानी जा रही भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड टीम ने बुधवार को तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में निराशाजनक प्रदर्शन किया और महत्वपूर्ण मौकों पर लड़खड़ाने के कारण पोडियम पर जगह बनाने में असफल रहीं।

सबसे बड़ा झटका महिला टीम को लगा, जिसने पिछले महीने मैक्सिको में सत्र के पहले विश्व कप में भारत के लिए एकमात्र स्वर्ण पदक जीता था। ज्योति सुरेखा वेन्नम, प्रगति और अदिति स्वामी की तिकड़ी क्वार्टर फाइनल में तुर्की से 227-233 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। भारतीय टीम हज़ल बुरुन, डेफने चकमाक और एमिने राबिया ओगुज़ की निरंतरता का मुकाबला करने में विफल रही।

ओजस देवताले, साहिल जाधव और कुशल दलाल की पुरुष टीम ने सेमीफाइनल में पहुंचकर उम्मीदें जगाईं, लेकिन अंतिम चार में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। इसके बाद कांस्य पदक के मैच में भारत को चीन से शूट-ऑफ में हार का सामना करना पड़ा।

व्यक्तिगत वर्ग में राहत

भारत को हालांकि व्यक्तिगत वर्ग में कुछ राहत मिली क्योंकि सभी भारतीय कंपाउंड तीरंदाज अगले दौर में पहुंच गए। पुरुष वर्ग में अभिषेक वर्मा, साहिल जाधव, कुशल दलाल और ओजस देवताले ने अपने-अपने मैच जीतकर अगले राउंड में जगह बनाई। वर्मा का अगला मुकाबला जाधव से होगा। महिला वर्ग में 33वीं वरीयता प्राप्त मधुरा ने चीन की वांग यू को 148-147 से हराया। अगले मुकाबले में उन्हें अमेरिका की शीर्ष वरीयता प्राप्त एलेक्सिस रुइज़ की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। एक अन्य मैच में ज्योति ने 150 का परफेक्ट स्कोर बनाकर कजाकिस्तान की डायना युनुसोवा को हराया जबकि पूर्व विश्व चैंपियन अदिति ने ग्रेट ब्रिटेन की इसाबेल कारपेंटर पर जीत हासिल की। प्रगति ने सिंगापुर की ओंग मैडलीन जू ली को 143-142 से हराया।

लापरवाही बरतने पर कार्लटन क्लब पर अर्थदंड

मैदान में हॉलैंड्स की मानसिक स्थिति अस्थिर, क्लब पर जुर्माना

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलियाई रूल्स फुटबॉल क्लब कार्लटन पर एक खिलाड़ी के मैदान पर मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या से निपटने में लापरवाही बरतने के लिए 75 हजार ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (54,000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया गया है।

एलिजा हॉलैंड्स 16 अप्रैल को कार्लटन और कोलिंगवुड के बीच ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल लीग (एएफएल) के मैच में खेले थे जबकि वह मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं थे। मैच के फुटेज से भी यह स्पष्ट हो गया था, जिस कारण प्रशंसकों और अन्य लोगों ने उनकी स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की थी। फुटेज में हॉलैंड्स भ्रमित और अनियमित रूप से चलते हुए दिखाई दिए। यही नहीं वह वार्म-अप के दौरान भी असामान्य हरकतें कर रहे थे। वह



गेंद पर सही तरह से किक भी नहीं मार पा रहे थे। उनका एक शॉट केवल कुछ मीटर तक ही गया। इस मैच के 5 दिन बाद 24 वर्षीय हॉलैंड्स को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

हॉलैंड्स के पिता ने किया मदद करने का आग्रह

एलिजा हॉलैंड्स के पिता और पूर्व एएफएल खिलाड़ी बेन हॉलैंड्स ने सोशल मीडिया पर अपने बेटे की मदद करने का आग्रह किया। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि अगर उनके दोस्त मुश्किल में हैं तो उनका हालचाल पूछें।

हॉलैंड्स खेलने की स्थिति में नहीं हैं: डिलन

ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल लीग के प्रमुख एंड्रयू डिलन ने कहा, 'हॉलैंड्स के चिकित्सा रिकॉर्ड के अलावा खेल के दौरान यह स्पष्ट रूप से पता चल रहा था कि वह खेलने की स्थिति में नहीं हैं और इसलिए उन्हें मैच से हटा दिया जाना चाहिए था।' डिलन ने कहा कि हॉलैंड्स को पहले ही मैच से बाहर नहीं रखने से खेल की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। उन्होंने यह भी कहा कि आरोप किसी व्यक्ति विशेष के नहीं बल्कि क्लब के खिलाफ हैं।

पावर प्ले में मजबूत मानसिकता और अनुशासन जरूरी: हुसैन

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ चेन्नई सुपरकिंग्स की आठ विकेट की जीत में अहम योगदान निभाने वाले खब्बू स्पिनर अकील हुसैन ने कहा कि टी20 प्रारुप में पावर प्ले में सफलता के लिए सिर्फ कौशल ही नहीं, बल्कि मजबूत मानसिकता और अनुशासन भी बेहद जरूरी हैं।

PAPER PUBLICATION FORM NO. IV
(See-sub-rule (2A) of rule 5)
Summon under sub-section 19 of the Act, read with sub rule (2A) of rule 5 of the Debts Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993.
BEFORE DESTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BNSL Building),
Near Head Post Tice, Residency Road, JABALPUR (M.P.) 482001.
CASE NO. OA NO, 462/2025 Date:
BANK OF INDIA (APPLICANT)
-VERSUS-
M/s Shree Ganpati Offset Press and other: DEFENDANTS
To,
1. M/s Shree Ganpati Offset Press through its Proprietor - Shri Prakash Banerjee R/o. 1 Floor. Chhattisgarh Bhawan, Press Complex, Rajbandha Maidan, Raipur (C.G.) - 492001
2. Shri Prakash Banerjee S/o. S.P. Banarjee R/o. H.No.30/1, Mathura Vihar, Jabalpur
Whereas, OA No. 462/25 was listed before Hon'ble Presiding Officer on 09/05/25.
Whereas this Hon'ble Tribunal Please to issue Summons/Notice on the said Application under 19(4) of the Act, (OA) filed against you for recovery of debts of Rs.65,52,695.75/- with expenses & future interest.
In accordance with sub section (4) of section 19 of the act, you, the defendants are directed as under:-
(i) To show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted;
(ii) To disclose Particulars of Properties or assets other than Properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the Original Application;
(iii) You are restrained from dealing with of disposing of secured assets or such others assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties;
(iv) You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal;
(v) You shall be liable to account for the sale proceeds realized by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.
You are also directed to the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar on 20/07/2026 at 10:30 Am failing which the application shall be heard and decided in your absence. Give under my hard and seal of the Tribunal on this the 27 day of March 2026.
By Order of the Tribunal
Seal
Registrar
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur

इंडोनेशिया के आसमान पर दिखा बादलों का विशाल इंद्रधनुष

जकार्ता। कभी-कभी आसमान सिर्फ एक रंग का नहीं होता, बल्कि वो अपनी पूरी खूबसूरती एक साथ बिखेर देता है। ऐसा ही एक मनमोहक नजारा हाल ही में इंडोनेशिया के आसमान में देखने को मिला, जब बादलों के किनारों पर अचानक रंगों की ऐसी चमक उभरी कि राह चलते लोग ठिठककर उसे निहारने लगे। गुलाबी, बैंगनी, हरे और पीले रंगों का यह अद्भुत संगम ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानो सूरज ने खुद बादलों को इंद्रधनुषी कपड़े पहना दिए हो। यह दृश्य इतना आकर्षक था कि लोगों ने तुरंत इसे अपने कैमरों में कैद कर लिया। देखते ही देखते तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गए। इंटरनेट पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई, कोई इसे प्रकृति का चमत्कार बता रहा था, तो कोई इसे अपनी आंखों का भ्रम मानने लगा। कुछ यूजर्स ने तो मजाक में कहा कि ऐसा लग रहा है जैसे आसमान में किसी ने प्रिज्म लगा दिया हो, जिससे रोशनी सतरंगी हो गई है।

क्या है इसके पीछे का विज्ञान?

हालांकि, इस खूबसूरत नजारे के पीछे कोई जादू नहीं, बल्कि विज्ञान की दिलचस्प प्रक्रिया काम कर रही है। इसे क्लाउड इरिडेसेंस कहा जाता है। इस घटना में जब सूर्य की किरणें बादलों में मौजूद बेहद महीन पानी की बूंदों या बर्फ के कणों से टकराती हैं, तो रोशनी अलग-अलग रंगों में बिखर जाती है। खास बात यह है कि यह दृश्य तब ज्यादा साफ और सुंदर दिखाई देता है, जब बादल पतले होते हैं और सूरज उनके बिल्कुल पास होता है।

खूबसूरत सपने से कम नहीं था

इंडोनेशिया का यह सतरंगी आसमान किसी खूबसूरत सपने से कम नहीं था। विज्ञान इसकी वजह जरूर समझा देता है, लेकिन जो सुकून और खुशी यह दृश्य लोगों को देता है, वह किसी जादू से कम नहीं। अगली बार जब आसमान में धूप और बादल साथ दिखें, तो एक पल ठहरकर ऊपर जरूर देखिए, क्योंकि हो सकता है, कुदरत आपके लिए भी कोई रंगीन करिश्मा रच रही हो।

हेलो से की तुलना

कुछ लोग इस घटना को हेलो (प्रभामंडल) से भी जोड़ते हैं, लेकिन दोनों में अंतर होता है। हेलो आमतौर पर गोलाकार रूप में दिखाई देता है, जबकि क्लाउड इरिडेसेंस में रंग बेतरतीब और लहरदार पैटर्न में नजर आते हैं। इंडोनेशिया में दिखाई दिया यह नजारा इसी दूसरी श्रेणी में आता है, जिसने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे दृश्य बहुत कम देखने को मिलते हैं, इसलिए जब भी ये सामने आते हैं, तो लोगों को आश्चर्यचकित कर देते हैं। यह घटना हमें यह भी याद दिलाती है कि प्रकृति अपने भीतर अनगिनत रहस्य और सुंदरता समेटे हुए है, जिन्हें हम अक्सर अपनी भागदौड़ भरी जिंदगी में नजरअंदाज कर देते हैं।

रोचक खबरें

बाढ़ में लापता हुए शख्स का शव मिला मगरमच्छ के अंदर

केपटाउन। दक्षिण अफ्रीका से आई एक घटना ने हर किसी को सन्न कर दिया। यह मामला एक होटल मालिक की रहस्यमयी गुमशुदगी से शुरू हुआ और एक विशाल मगरमच्छ के पेट में जाकर खत्म हुआ। रिपोर्ट्स के अनुसार, 59 वर्षीय गेब्रियल बतिस्ता तेज बहाव में बहकर कोमाटी नदी में लापता हो गए थे। यह नदी पहले से ही खतरनाक मगरमच्छों की मौजूदगी के लिए जानी जाती है, इसलिए शुरुआत से ही आशंका जताई जा रही थी कि वह किसी शिकारी जीव का शिकार बन चुके हैं। लापता होने के बाद राहत और बचाव दल ने पूरे इलाके में गहन तलाशी अभियान चलाया। कई दिनों तक कुछ हाथ न लगने के बाद टीम की नजर एक असामान्य रूप से विशाल मगरमच्छ पर पड़ी। नदी किनारे पड़ा यह मगरमच्छ बेहद सुस्त और अस्वाभाविक रूप से फूला हुआ दिख रहा था। ड्रोन और हेलीकॉप्टर की हलचल के बावजूद उसका बिल्कुल स्थिर रहना संदेह को और मजबूत कर रहा था। आखिरकार अनुमति मिलने पर अधिकारियों ने उस मगरमच्छ को मारकर सच्चाई जानने का निर्णय लिया।

दक्षिण जॉर्जिया द्वीप में पहली बार दिखा सुनहरा पेंगुइन

त्बिलिसी। आमतौर पर पेंगुइन को हम काले और सफेद रंग में ही देखते आए हैं, लेकिन इस बार वैज्ञानिकों और फोटोग्राफर्स को एक ऐसा पेंगुइन मिला, जिसका रंग सुनहरा-पीला है। यह अनोखा पेंगुइन देखने में इतना अलग और आकर्षक है कि पहली नजर में किसी को भी हैरान कर दे। बर्फ से ढकी दुनिया में जहां हर चीज काले-सफेद फ्रेम में कैद नजर आती है, वहां अगर अचानक सोने जैसी चमक दिख जाए तो यकीन करना मुश्किल हो जाता है। कुछ ऐसा ही नजारा हाल ही में देखने को मिला, जब पेंगुइन की भीड़ के बीच एक ऐसा मेहमान नजर आया, जिसने अपनी अलग ही पहचान बना ली।आमतौर पर पेंगुइन को हम काले और सफेद रंग में ही देखते आए हैं, लेकिन इस बार वैज्ञानिकों और फोटोग्राफर्स को एक ऐसा पेंगुइन मिला, जिसका रंग सुनहरा-पीला है। यह अनोखा पेंगुइन देखने में इतना अलग और आकर्षक है कि पहली नजर में किसी को भी हैरान कर दे।

खुल गया वाइकिंग्स का सबसे बड़ा खजाना! जमीन के नीचे दबे मिले हजारों चांदी के सिक्के

ओस्लो। नॉर्वे में मेटल डिटेक्टर की मदद से वाइकिंग काल का अब तक का सबसे बड़ा खजाना खोजा गया है, जिसमें चांदी के 3,000 से अधिक ऐतिहासिक सिक्के मिले हैं। पुरातत्वविदों के अनुसार 'म्योरस्टैड होर्ड' नामक यह खोज 1,000 साल पुराने व्यापारिक नेटवर्क और नॉर्वे के शुरुआती इतिहास को समझने के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। नॉर्वे में वाइकिंग युग से जुड़ा अब तक का सबसे बड़ा चांदी के सिक्कों का खजाना मिला है, जिसने पुरातत्वविदों को हैरान कर दिया है। इसे 'ऐतिहासिक खोज' बताया जा रहा है। 10 अप्रैल को मेटल डिटेक्टर इस्तेमाल करने वाले वेगार्ड सोर्ली और रूने सैत्रे ने शुरुआत में 19 सिक्के खोजे। लेकिन, जैसे ही पुरातत्वविद मौके पर पहुंचे, यह संख्या तेजी से बढ़ती गई. पहले 70, फिर 500 और अंत में 1000 से ज्यादा सिक्के मिल गए। इस खजाने को 'मोरस्टाड होर्ड' नाम दिया गया है। पुरातत्वविद मे-टोवे स्मीसेथ ने इसे 'जिंदगी में एक बार मिलने वाली खोज' बताया. अभी तक यहां से करीब 2,970 से 3,150 सिक्के मिल चुके हैं और खुदाई जारी है।

क्या सच में नीला हो जाएगा चांद का रंग? जानें भारत में दिखने का समय और सही तारीख

नई दिल्ली। 31 मई 2026 को एक खास खगोलीय घटना होने वाली है, जिसे 'ब्लू मून' कहा जाता है। नाम सुनकर ऐसा लगता है कि चांद नीला दिखाई देगा, लेकिन असल में ऐसा नहीं होता। यह एक सामान्य पूर्णिमा की तरह ही चमकीला और सफेद दिखाई देता है। भारत समेत दुनिया के कई हिस्सों में यह नजारा साफ देखा जा सकेगा।

ब्लू मून का असली मतलब क्या होता है?

ब्लू मून का मतलब चांद का रंग बदलना नहीं है, बल्कि यह एक खास समय पर आने वाली पूर्णिमा को दिया गया नाम है। आमतौर पर जब एक ही महीने में दो बार पूर्णिमा होती है, तो दूसरी पूर्णिमा को ब्लू मून कहा जाता है। यही इसका सबसे प्रचलित मतलब है। हालांकि, बहुत ही दुर्लभ परिस्थितियों में, जब वातावरण में धूल, धुआं या ज्वालामुखी की राख ज्यादा होती है, तब चांद थोड़ा नीला दिख सकता है, लेकिन ऐसा बहुत कम होता है।

ब्लू मून के प्रकार क्या हैं?

ब्लू मून दो तरह के होते हैं। पहला है 'मंथली ब्लू मून', जब एक महीने में दो पूर्णिमा होती हैं और दूसरी को ब्लू मून कहा जाता है। दूसरा है 'सीजनल ब्लू मून', जिसमें किसी एक मौसम में चार पूर्णिमा होती हैं और तीसरी पूर्णिमा को ब्लू मून माना जाता है। 2026 में जो ब्लू मून दिखाई देगा, वह इसी खास कैटेगरी से जुड़ा एक दुर्लभ मौका है।

ब्लू मून 2026 की तारीख और समय

2026 में ब्लू मून 31 मई को होगा। इसका समय लगभग रात 8:45 बजे के आसपास रहेगा। भारतीय समय के अनुसार यह घटना रात में देखी जा सकेगी। खास बात यह है कि यह 'माइक्रोमून' भी होगा, यानी उस दिन चांद पृथ्वी से थोड़ा ज्यादा दूर होगा, इसलिए यह सामान्य से थोड़ा छोटा दिखाई देगा।

भारत में कब और कैसे देखें ब्लू मून?

भारत में आप इसे 30 और 31 मई 2026 की रात को देख सकते हैं। इसे देखने का सबसे अच्छा समय सूर्यास्त के तुरंत बाद होता है, जब चांद पूर्व दिशा से उगता है। इसके अलावा देर शाम से रात तक भी यह साफ दिखाई देगा। अगर आसमान साफ हो और आसपास ज्यादा रोशनी न हो, तो नजारा और भी शानदार लगेगा।

बेहतर व्यू के लिए क्या करें?

ब्लू मून देखने के लिए किसी अंधेरी और खुली जगह का चुनाव करना बेहतर होता है। शहर की तेज रोशनी से दूर रहें ताकि चांद साफ नजर आए। इसे देखने के लिए किसी खास टेलीस्कोप की जरूरत नहीं होती, आप इसे अपनी आंखों से भी आसानी से देख सकते हैं। हालांकि, अगर आपके पास दूरबीन या कैमरा है, तो आप इसका और अच्छा व्यू ले सकते हैं।

क्यों खास है यह खगोलीय घटना?

ब्लू मून हर कुछ सालों में ही देखने को मिलता है, इसलिए इसे एक दुर्लभ घटना माना जाता है। यह न सिर्फ देखने में खूबसूरत होता है, बल्कि यह हमें अंतरिक्ष और खगोलीय घटनाओं के बारे में जानने का मौका भी देता है। इसलिए 31 मई की इस खास रात को मिस न करें और आसमान की इस खूबसूरती का आनंद लें।

84 लाख साल तक अंतरिक्ष में घूमती रहेगी ये बॉल!

गोले में छिपा है भविष्य के इंसानों के लिए एक सीक्रेट मैसेज

वॉशिंगटन। नासा का लेजिओस सैटेलाइट पिछले 50 वर्षों से अंतरिक्ष में एक 'टाइम कैप्सूल' की तरह घूम रहा है, जो बिना बैटरी के अगले 84 लाख साल तक सक्रिय रहेगा। इस अनोखे गोले के अंदर स्टेनलेस स्टील की एक प्लेट पर भविष्य के इंसानों के लिए धरती के बदलते नक्शों का एक गुप्त संदेश छिपा है। करीब 50 साल से एक खास सैटेलाइट लगातार पृथ्वी के चारों ओर घूम रहा है। इसका नाम लेजिओस है, जिसे नासा ने 1976 में लॉन्च किया था। करीब 900 पाउंड वजनी यह सैटेलाइट पीतल और एल्युमिनियम से बना एक गोलाकार ढांचा है, जो देखने में किसी 'डिस्को बॉल' जैसा लगता है। सबसे खास बात यह है कि यह सैटेलाइट बाकी सैटेलाइट्स की तरह बैटरी या इलेक्ट्रॉनिक सेंसर पर निर्भर नहीं करता। इसके बावजूद यह आज भी वैज्ञानिकों के लिए बेहद अहम डेटा उपलब्ध कराता है और धरती से जुड़े रिसर्च में बड़ी भूमिका निभा रहा है।



क्यों है यह सैटेलाइट इतना टिकाऊ

लेजिओस को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह बेहद लंबे समय तक काम कर सके। इसमें 426 खास रेट्रोरिफ्लेक्टर लगे हैं, जो रोशनी को उसी दिशा में वापस भेजते हैं जहां से वह आई हो। चूंकि, इसमें कोई इलेक्ट्रॉनिक पार्ट नहीं है जो खराब हो सके और यह पृथ्वी से करीब 6000 किलोमीटर ऊपर घूमता है, इसलिए यह वायुमंडलीय घर्षण से भी बचा रहता है।

कैसे करता है पृथ्वी की मैपिंग?

लेजिओस दरअसल एक बड़े शीशे की तरह काम करता है। इसका आकार करीब 60 सेंटीमीटर है और इसमें खास तरह के रिफ्लेक्टिव मिरर लगे हैं। जब धरती से लेजर बीम इस सैटेलाइट पर भेजी जाती है, तो यह उसे वापस उसी जगह लौटा देता है। वैज्ञानिक इस लेजर के आने-जाने में लगे समय को मापते हैं और इससे यह पता लगाते हैं कि धरती पर कोई खास स्थान बिल्कुल कहां स्थित है।

धरती के बदलावों को कैसे ट्रैक करता है?

लेजिओस एक बहुत ही स्थिर कक्षा (ऑर्बिट) में घूमता है, जिससे इसकी मूवमेंट को आसानी से ट्रैक किया जा सकता है। वैज्ञानिक इसके जरिए धरती के अंदर और सतह पर हो रहे बदलावों को समझते हैं। यह सैटेलाइट बर्फ के पिघलने से धरती के मास में होने वाले बदलाव, पृथ्वी के घूर्णन (रोटेशन) में हल्के बदलाव और पोलर मोशन जैसी चीजों को मापने में मदद करता है। यह सारी जानकारी इंटरनेशनल टेरेस्ट्रियल रेफरेंस फ्रेम को तय करने में काम आती है, जो जीपीएस और नेविगेशन सिस्टम की नींव है।

जबड़ा इंसान का, तार सोने के!

500 साल पुरानी कब्र से मिला डेंटल इम्पालंट का वो राज, जिसे देख डॉक्टर भी रह गए दंग

लंदन। क्या बिना एनेस्थीसिया और आज की एडवांस मशीनों के बिना सैकड़ों साल पहले दांतों की सर्जरी हो सकती थी? एक चौंकाने वाली खोज ने इस सवाल का जवाब हां में दे दिया है! आज से लगभग 500 साल पुरानी एक कब्र से मिले मानव जबड़े में सोने के तारों से की गई डेंटल सर्जरी के सबूत मिले हैं, जिसने वैज्ञानिकों और डॉक्टरों को हैरान कर दिया है। क्या आप यह सोच सकते हैं कि आज से करीब 500 साल पहले, जब बिजली और एडवांस मशीनें नहीं थीं, तब भी लोग सोने के डेंटल सर्जरी कराते थे? सुनने में चौंका देने वाला है लेकिन हाल ही में हुए एक रिसर्च में यह सच साबित हुआ है। स्कॉटलैंड में हुई एक खोज ने इतिहासकारों और डॉक्टरों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया है। एबरडीन के एक प्राचीन चर्च की खुदाई में एक ऐसा चौंकाने वाला खुलासा हुआ है, जो बताता है कि आज से 500 साल पहले के लोग भी मेडिकल साइंस में बहुत ज्यादा आगे थे।

20 कैरेट सोने का हुआ था इस्तेमाल

ब्रिटिश डेंटल जर्नल में छपे एक रिसर्च के मुताबिक खुदाई में मिला यह कंकाल करीब 1460 से 1670 के बीच का है। इस व्यक्ति के दांतों में 20 कैरेट शुद्धता वाले सोने के तार लिपटे हुए हैं। रिसर्च में खुलासा हुआ है कि इस सोन में 82.4% सोना, 9.8% चांदी और 2.5% तांबा शामिल था। सबसे हैरानी का बात तो यह है कि यह कोई सजावट के लिए इस्तेमाल नहीं किया गया था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com